दैनिक प्रातः संस्करण

आर.एन.आई.नं. 33341/99
डाक पंजीयन छ.ग. दुर्ग 14. 2018-20

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक - 268 | राजनांदगांव, गुरूवार 15 अगस्त 2024 | पृष्ठ - 8+8 | मूल्य - 5.00 रुपए


## राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन: द्रौपदी मुर्मू ने कहा- आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार

नई दिल्ली। 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार, 14 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को 20 मिनट संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार हैं।' राष्ट्रपति ने कहा, 'आजादी का यह पर्व हमें उन दिनों की याद दिलाता है, जब देश के लिए कई लोगों ने बलिदान दिया। हमारे स्वाधीनता सैनानियों ने हमें नई अभिव्यक्ति प्रदान की। सरदार पटेल, बोस, भगत सिंह, बाबा साहेब अंबेडकर जैसे कई अन्य लोग थे, जिनके बलिदान की सराहना होती रही है।' द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं। वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। 64 साल की मुर्मू ने साल 2022 देश में सबसे कम उम्र में राष्ट्रपति बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।

### द्रौपदी मुर्मू के संबोधन की 6 बड़ी बातें

सभी देशवासी उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं। लहराते तिरंगे को देखना हमारे ह्रदय को उत्साह से भर देता है। ये महान देश का हिस्सा होने की खुशी को व्यक्त करता है।



हम सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया की पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, और हम शीघ्र ही विश्व की तीन शीर्षस्थ अर्थव्यवस्था में स्थान प्राप्त करने के लिए तैयार है

– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

आज 14 अगस्त को देश विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। लाखों लोगों को पलायन करना पड़ा और कई लोगों को जान गंवानी पड़ी। हम उन परिवारों के साथ खड़े होते हैं, जिन्होंने अपने खो दिए।

इस साल हमारे देश में आम चुनाव हुए। 90 करोड़ लोगों ने वोट डाला। मैं उन चुनावकर्मियों का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मतदान के लिए भारी गर्मी में काम किया। भारत 8 प्रतिशत विकास दर से आगे बढ़ने वाला देश है। पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। ये इस बात को बताता है कि हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि गरीबी से निकले लोग फिर से गरीबी में न जाएं। हाल के वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को काफी बढ़ावा मिला है। सरकार ने सेमी कंडक्टर जैसी चीजों को बढ़ावा देने के लिए कई काम किए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में काफी तरक्की हुई है। तेज गति से हो रही प्रगति के चलते भारत का कद ऊंचा हुआ है। जी-20 के सफल आयोजन के बाद ग्लोबल साउथ की अवधारणा और मुखर हुई है। (शेष पृष्ठ 15 पर...)















### पाठकों को बधाई...



78वीं स्वतंत्रता दिवस की समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

– सम्पादक

### आज अवकाश

78वीं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज 15 अगस्त 2024 को दैनिक दावा कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 17 अगस्त 2024 को प्राप्त होगा।

– व्यवस्थापक




## संक्षिप्त खबरें...

### मानव श्रृंखला बनाकर हर घर तिरंगा फहराने का दिया गया संदेश



राजनांदगांव (दावा)। हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत जिले के नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगांव के बच्चों द्वारा हर घर तिरंगा मानव श्रृंखला के माध्यम से नागरिकों को घर पर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगांव, नायब तहसीलदार, बीईओ, एबीईओ, प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रॉयल किड्स कॉन्वेंट में शहर के विशिष्ट गणमान्य अशोक चौधरी द्वारा होगा ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। शहर के ह्रदय स्थल में स्थित संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण प्रातः 8:30 बजे कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। हमारे विद्यालय/ संगठन के छात्र/सदस्य इस अवसर पर देशभक्ति, गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत करेंगे। अभिभावकों से अनुरोध हैं। कि वे भी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यकम की गरिमा बढ़ाए।

### बजरंगपुर नवागांव में संयुक्त भजन मंडल भवन में मनाया जायेगा

राजनांदगांव (दावा)। जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वधान के अंतर्गत 15 अगस्त 24 स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थानीय बजरंगपुर नवांगांव में संयुक्त भजन मंडल भवन में मनाया जायेगा। संघ के अध्यक्ष मनसुख सोनकर ने अपील की है संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहेंगे साथ ही कार्यक्रम में राष्ट्रीय भजन गीत गाया जायेगा। उक्त जानकारी संघ के सचिव अशोक सारथी, सहसचिव मोहनलाल सेन जी ने दी।

### उदयाचल में ध्वजारोहण समारोह

राजनांदगांव (दावा)। सेवाभावी समाजसेवी संस्था संस्कारधानी नगरी की पहचान उदयाचल द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र बाफना ने बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह 8:00 बजे संस्था प्रमुख द्वारा झंडारोहण किया जावेगा। सेवाभावी संस्था उदयाचल द्वारा संचालित नेत्र चिकित्सालय, दंत चिकित्सालय, फिजियोथैरेपी सेंटर में उपस्थित मरीज उनके परिजन, स्टाफ एवं डॉक्टर एवम्की पदाधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जावेगा। तत्पश्चात स्वल्पाहार का भी आयोजन रखा गया है। श्री बाफना ने नगर वासियों से अपील कि है हर व्यक्ति अपने घरों में झंडा अवश्य फहराए। उन्होंने समाजसेवी बंधुओं, गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि ध्वजारोहण समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो।

### कोसरिया यादव समाज की शांति नगर में बैठक 18 को



राजनांदगांव (दावा)। भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर लगातार विभिन्न वार्डों में बैठक जारी है। इस रविवार 18 अगस्त 2024 को दोपहर 2:00 बजे स्थान शीतला मंदिर शांति नगर, गली नंबर 1, वार्ड नं. 10 में पुनः नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव की बैठक रखी गई है। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी। सभी कोसरिया यादव बंधुओं, वरिष्ठगणों, गोटियागणों, युवाओं, माताओं, बहनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने के लिए अपना बहुमुल्य योगदान प्रदान करेंगे। यह जानकारी नगर संरक्षक नारायण यादव ने प्रदान की।

## हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सुर और साज तिरंगे के साथ. कार्यक्रम में देशभक्तिपूर्ण सुमधुर गीतों की दी गई बेहतरीन प्रस्तुति






0 आनंद और उल्लास के माहौल में गीतों की मोहक प्रस्तुति ने समां बांध दिया
0 देश की आजादी का यह जश्न सभी खुशी से मनाएं

राजनांदगांव (दावा)। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत कल शाम नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा सुर और साज तिरंगे के साथ कार्यक्रम में पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में देशभक्तिपूर्ण सुमधुर गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। आनंद और उल्लास के माहौल में गीतों की मोहक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के साथ ही यह शाम खुबसूरत है। स्वतंत्रता दिवस के लिए रिहर्सल विशेष रहता है। संस्कारधानी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में एवं हर घर तिरंगा अभियान के गौरव के साथ इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी का यह जश्न सभी खुशी से मनाएं। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी की जब लड़ाई लड़ी होगी तब उन्होंने सोचा होगा कि आने वाली पीढ़ी एक खुशनुमा माहौल में परिवार और दोस्तों के साथ शाम बिताये। आज हमें यह खुशी उनके त्याग एवं बलिदान से मिली है। सभी इस पर्व को खुशी से मनाएं। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली टीम को बधाई दी। संगीतमय कार्यक्रम में कृति बख्शी ने ऐ वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू...., मनोज गुप्ता ने देखो वीर जवानों..., जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया..., संदेशे आते हैं...., कर चले हम फिदा जानों तन साथियों...., ऐ मेरे वतन के लोगों..., मेरा मुल्क, मेरा देश, मेरा ये वतन.... जैसे गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के पार्षदगण, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, सहायक संचालक आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता सहित नगरवासी उपस्थित थे।

## कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दादा मेजर ध्यानचंद के राष्ट्र प्रेम को 15 अगस्त का स्नेह कहा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दादा मेजर ध्यानचंद हांकी के जादूगर के संबंध में 15 अगस्त 1936 बर्लीन ओलंपिक जिसमें भारत ने स्वर्ण पदक जीता था। उस समय दादा ध्यानचंद का भारत प्रेम उजागर हुआ वाक्या यह है कि जब कोई देश स्वर्ण पदक जीतता है तो उस देश का राष्ट्रगान बजाया जाता है। क्योंकि भारत ब्रिटेन का गुलाम था इसलिए ब्रिटेन का राष्ट्र धुन बजाया गया मेजर ध्यानचंद ने उसे समय राष्ट्रीय कांग्रेस का झंडा चरखा वाला तिरंगा जिसके बीच में चरखा होता था अपनी जेब से निकाल कर अपनी बाएं सीने पर रखकर पूरा राष्ट्र धुन सुना ज्ञात हो कि ब्रिटेन के नागरिक अपने राष्ट्र धुन पर दाहिने हाथ को बांये सीने पर रखकर सुनते हैं। दादा ध्यानचंद ने इसका फायदा उठाते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय झंडा तिरंगा को अपने सीने में लगाकर अपने देश प्रेम का इजहार किया। यह भी संयोग है कि 15 अगस्त आगे जाकर 1947 में भारत का स्वतंत्रता दिवस घोषित हुआ अंग्रेजो ने उस समय दादा ध्यानचंद के द्वारा इजहार किए हुए कार्य को ध्यान नहीं दिया नहीं तो उनकी सजा निश्चित थी। मेजर ध्यानचंद का राष्ट्रप्रेम इतना अधिक था कि भारत में मामूली सैनिक रहने पर भी हिटलर ने उन्हें अपने देश में मेजर का पद देने का आह्वान किया लेकिन मेजर ध्यानचंद ने इस पेशकश को भी ठुकरा दिया ऐसे दादा ध्यानचंद को और उनके राष्ट्र प्रेम को हम पन्द्रह अगस्त के दिन सादर प्रणाम करते हैं।

## महापौर परिषद के सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के नेतृत्व में इंदिरा नगर झूलेलाल वार्ड 41 में निकाली गई भव्य संविधान यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार भारत की स्वतंत्रता दिवस के पूर्व आज इंदिरा नगर झूलेलाल वार्ड क्रमांक 41 में संविधान तिरंगा यात्रा प्रसिद्ध भजन रघुपति राघव राजा राम गाते हुए निकाली गई। साथ ही वार्डवासिंयों ने स्वस्फूर्त होकर भारत माता की जय घोष के गगनचुंबी नारे लगाए। संविधान यात्रा कांग्रेस वार्ड प्रभारी एवं क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के नेतृत्व में निकाली गई। संविधान यात्रा इंदिरा नगर, नंदई, चौखड़िया पारा से भ्रमण करते हुए वापस इंदिरा नगर में दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन की गरिमामय उपस्थित में समापन हुआ। संविधान यात्रा दौरान ढोलक और मंजीरे आकर्षण के केंद्र बिंदु रहे। क्षेत्रीय पार्षद व महापौर मंत्रीमंडल विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी सदस्य राजेश गुप्ता चंपू के नेतृत्व में निकलने वाले इस यात्रा में अपनी सहभागिता देने वालों में सर्व अशोक पंजवानी दक्षिण ब्लाक उपाध्यक्ष डॉ.कुमार, दिलीप ठेलेकर, मिथुन, रंजीत साहू, संपत, राजू मंडावी, संपत, तारा साहू, विक्रम अशोक सेन राजू यादव, जूनो सोनकर, अशोक यादव गीता साहू, सोम यादव, छोटू, बेनी माधव सेन, जितेंद्र यादव, साधु, बालू, राजेंद्र जम्मू, दिलीप पेंटर, शीतल सोनकर, वीरेंद्र, मानसिंह, पतलू राजपूत, लक्ष्मी साहू, केजा साहू, बिंदु साहू, तुलजा श्री साहू, उषा सारथी, शोभा चौहान, रामशिला यादव, नारायणी वर्मा, उषा देवांगन, एलीनाथ, कांति यादव, फिरोतीन यादव, सरस्वती साहू, सुशीला, गणेश सारथी, राधिका साहू, हेमंत साहू, खेरिया देवांगन, निर्मला यादव, विशाखा साहू, खेदिया देवांगन, सुमित यादव, सुमित्रा यादव, सुशीला, राजा, रीना विश्वकर्मा, प्रेम सोनकर, नेहा पटेल, फानमती नेताम, विमल सिंह ,नीतू राजपूत, तिरुपति सिंह, इशा साहू, सुभद्रा साहू, प्रियंका साहू, सुकून, लोमड़ी सोनकर, पूर्णिमा यादव, विदेशी कुंजम, आरती बाई, चिलेश्वरी मांडवी, मीरा भोई, मीना साहू, फुलेश्वरी सोनकर, कामिनी यादव, आदि बड़ी संख्या में वार्डवासियों की गरिमामय मौजूदगी रही।

## 15 व 16 अगस्त को निकलेगी भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी

0 15 अगस्त को मोहड़ से दोप 01 बजे प्रारंभ होगी यात्रा
0 16 अगस्त को पेटेश्री बोदेला सिवनी से भी निकलेगी पालकी

राजनांदगांव (दावा)। सावन माह में भगवान महाकाल चंद्रमौलेश्वर स्वरूप मे नगर का भ्रमण करेंगे। अगला कार्यक्रम गुरुवार 15 व शुक्रवार 16 अगस्त को आयोजित किया गया है।

महाकाल मंदिर सिंघोला एवं महाकाल सेना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में भगवान चंद्रमौलेश्वर की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। संस्कारधानी राजनांदगांव में कई वर्षों से निकल रही महाकाल पालकी यात्रा को देख कर उनकी प्रेरणा से अन्य स्थानों में भी अब पालकी यात्रा का आयोजन हो रहा है।

इसी कड़ी में अब गुरुवार 15 अगस्त को ग्राम मोहड़ से पालकी शोभा यात्रा दोपहर 01 बजे से प्रारंभ होगी। जोकि ग्राम भ्रमण कर वहीं विश्राम लेगी। इसी तरह शुक्रवार दिनांक 16 अगस्त को ग्राम पेटेश्री, बोडेला, सिवनी से महाकाल बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जोकि श्री राम मंदिर पेटेश्री से प्रारंभ हो स्कूल ग्राउंड बोदेला में विश्राम लेगी। बाबा की आरती 12:30 बजे की जाएगी। पालकी यात्रा में डमरू, अखाड़ा, झांझ, मंजीरा, ढोल, शिव लीला, बाबा की सवारी, गायक भजन कीर्तन शामिल रहेगा। समस्त ग्रामवासी मोहड़, पेटेश्री, बोदेला, विशेष सहयोग महाकाल मंदिर सिंघोला, महाकाल सेना राजनांदगाव का है। यात्रा मे आखाडा, संगीतकारो की विशेष टीम रहेगी, संगीत की सुमधुर धुन मे शिव तांडव के साथ भस्म, माँ काली का स्वरुप, राक्षस, 12 फिट शिव जी की मूर्ति के साथ पार्थिव शिव लिंग का भी दर्शन होगा। पूरी जानकारी समिति के सदस्य लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली में आजादी के उत्सव का छलका उत्साह



० पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राजनांदगांव (दावा)। आजादी के उत्सव का उल्लास एवं खुशी की अभिव्यक्ति के रूप में जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दौड़ एवं हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

देशभक्ति के जज्बे एवं उत्साह के साथ हाथों में तिरंगा लिए बच्चों, युवाओं एवं हर आयु वर्ग के लोगों ने स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली में भाग लिया। स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा रैली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से वीआईपी रोड होते हुए भदौरिया चौक दिग्विजय स्टेडियम के सामने से वापस वीआईपी रोड होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में समाप्त हुई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी, खेल संघ के पदाधिकारी, शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस जवान, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत 9 अगस्त से लगातार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह अंतर्गत तिरंगा बाईक रैली, सेल्फी, म्यूजिक कॉन्सर्ट, हस्ताक्षर अभियान, तिरंगा शपथ, तिरंगा यात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज तिरंगा रैली एवं स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान है। सभी को इसका गौरव एवं सम्मान बनाये रखना है। सभी की इस रैली में एवं अन्य कार्यक्रम में सहभागिता रहे।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ए.एक्का, खूबचंद पारख, सह सचिव हॉकी इंडिया एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ फिरोज अंसारी, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, साई हॉकी कोच अमित कुमार, सचिव जिला वॉलीबाल आबिद बेग, जिला क्रेडा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य ठाकुर प्यारे लाल सिंह विद्यालय भूषण साव, वरिष्ठ पीटीआई शैलेन्द्र तिवारी, प्रबंधक दिग्विजय स्टेडियम रणविजय प्रताप सिंह, कोच वॉलीबाल श्रीमती ममता गुप्ता, कोच एथलेटिक्स कामता यादव, कोच खेलो इंडिया शकील अहमद, कोच वॉलीबाल संध्या ध्रुव, पीटीआई स्वप्नील झा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा महाअभियान

राजनांदगांव(दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में 14 अगस्त दिन बुधवार को हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा महाअभियान के अंतर्गत तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। साथ ही साथ 14 अगस्त 2024 को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम मे प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने-अपने विषय के अंतर्गत बहुत सुन्दर एवं सारगर्भित बाते रखी। शासन के निर्देशानुसार घर घर तिरंगा महाअभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक कराने के उद्देश्य से सभी संस्थाओं में 9 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में महाविद्यालय प्रागंण में कार्यक्रम व प्रतियोगिता कराई गयी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यंजनेश व द्वितीय स्थान रीना चंद्रवंशी को प्राप्त हुआ। अंत में विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर महाविद्यलय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने 14 अगस्त 1947 के आजादी के बाद भारत विभाजन पर अपने परिवार के बलिदान व शहादत के किस्से सुनाये सभी ने भाव विभोर हो कर प्राचार्य महोदय को सुना। जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण व प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति से सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-4-8
130-4 479-0
राजधानी
2-3-7
226-0 166-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 15 से भव्य शुभारंभ, रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मोहन सुन्दरानी प्रस्तुत
का इही ला कइथे मया
छत्तीसगढ़ी भाषा में
आगामी ता.15 | से कहा इही ला कइथे मया कहा इही ला कइथे मया
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



SILVER SCREEN MULTIPLEX
15th Aug to 22nd Aug 2024
Stree 2 - 12:30, 03:00, 03:30 06:00, 06:30, 09:00 & 09:30 pm
Vedaa - 12:15, 03:15 & 06:15 pm
Khel Khel Mein - 12:00 & 09:15 pm
15th Aug Special Morning Show, Stree 2- 10:00am
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


### कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र- मानपुर, जिला - मोहला- मानपुर- अं. चौकी (छ.ग.)

**निविदा आमंत्रण सूचना 2024-25**

निविदा क्रमांक 2 — दिनांक : 12.08.2024

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़गांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र- भर्रीटोला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र- औंधी के अंतः रोगी एवं जे.एस.एस.के.के. भर्ती मरीजों को पका भोजन प्रदाय करने हेतु अधिकृत फर्म, संस्था, समूह व्यक्ति से मोहर बंद लिफाफा निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है। नियमों व शर्तों का अवलोकन कार्यालय की सूचना पटल पर किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| टेण्डर फार्म की कीमत | - रू. 500.00 वापसी अयोग्य। |
| अमानत राशि (पी.एच.सी. हेतु) | - रू. 3000.00 तीन हजार। |
| निविदा फार्म प्राप्ति, टेण्डर प्रकाशित होने की तिथि से | - 27.08.2024 तक |
| निविदा लिफाफा प्राप्ति की अंतिम तिथि | - 28.08.2024 (3.00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि | - 29.08.2024 (4.00 बजे तक) |

टीपः- 1 स्थानीय महिला स्व. सहायता समूह तथा फर्म को प्राथमिकता दी जावेगी।

जी- 242501819/3

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. 202407092300038-अ /74- वर्ष 2023-24.

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखचरण गोड़ पिता नारायण गोड़ जाति गोड़ निवासी ग्राम कन्हारगांव तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्र टुकेश कुमार गोड़ पिता सुखचरण गोड़ का दिनांक 10.03.2014 को ग्राम कन्हारगांव में जन्म हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र टुकेश कुमार गोड़ पिता सुखचरण गोड़ का दिनांक 10.03.2014 को ग्राम पंचायत कन्हारगांव में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.08.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया।

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202407093800039 अ20 (1) वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता रूचंदानी पति रामचंद निवासी चौखड़ियापारा राजनांदगांव के द्वारा नजूल शहर राजनांदगांव के मोहल्ला चौखड़ियापारा स्थित भूखण्ड क्रमांक 1415/39, 1417/39, 1416/39 रकबा कमशः 400 वर्गफुट व 700 वर्गफुट है, जो कि नजूल जांच शीट क्रमांक में नही होने से शीट क्रमांक आबंटित कर निर्धारण पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदित भूखण्ड का भू भाटक निर्धारण किया जाकर शीट आबंटित करते हुये आवेदिका को स्थायी पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 14/08/2024

नजूल अधिकारी
राजनांदगांव

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूपसिंग साहू पिता श्रीराम साहू आयु 36 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम गिधवा भंवर तह. छुरिया जिला राजनांदगांव (छ. ग.) का स्थायी निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मेरी पुत्री का नाम भुवान्या साहू उर्फ भार्गवी साहू से परिवर्तित कर भुवान्या साहू कर लिया हूं। अतः अब से मेरी पुत्री को भुवान्या साहू के नाम से जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करना चाहता हूँ।

अतः प्रकाशन उपरांत मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम भुवान्या साहू के नाम से जाना व पहचाना जाये।

रूपसिंग साहू
पिता श्रीराम साहू
निवासी ग्राम गिधवा भंवर तह.
छुरिया जिला राजनांदगांव (छ. ग.)

### न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. अ-19(3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी/आम जनता को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव का पत्र क्रमांक 521/लोक-11/2023-24 राजनांदगावं दिनांक 31.07.2024 के अनुसार भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अमृत 2.0 अंतर्गत एस.टी.पी. निर्माण किया जाना है। जिसके लिये ग्राम मोहारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 341, 340 रकबा 1.5090हे, 0.1700हे. में से रकबा 4..12 एकड भूमि का चयन किया गयां है। उक्त भूमि का आवंटन करने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण में जांच हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त वर्णित भूमि को आवेदक को आंबटित किये जाने में जिस किसी को कोई आपत्ति, दावा प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 27.8.24 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 8/8/24 को मेरे स्वंय केहस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 8/8/24
सुनवाई दिनांक 27/8/24

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

दैनिक प्रातः संस्करण

# दावा

आर.एन.आई.नं. 53341/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2018-20

राजनांदगांव, गुरूवार 15 अगस्त 2024

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




































# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



## अनमोल दावा

**फल की अभिलाषा छोड़कर कर्म करने वाला पुरुष ही अपने जीवन को सफल बनाता है।**

# हाथकरघा ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का महत्वपूर्ण स्त्रोत

**गिरिराज सिंह**

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत 7 अगस्त, 1905 को टाउन हॉल, कलकत्ता (अब कोलकाता) में आयोजित एक बैठक में हुई थी।

इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2015 में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का महत्त्वपूर्ण स्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्त्वपूर्ण स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।

मैं आपका ध्यान 28 जुलाई, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्त्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नये स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया था, जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने का भी आग्रह किया था।

पिछले कुछ वर्षों में भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्त्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरु त्थान का जश्न मना रहे हैं, अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनाई एक विरासत वाली शिल्पकला है, जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है। पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं, और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों। मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों विशेषकर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती। उनके योगदान को बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है। बुनाई कौशल, डिजाइन नवाचार और एंटरप्रेन्योर क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए शैक्षिक कार्यक्रम और पहल महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाती हैं। नई तकनीकों में निपुणता प्राप्त करके और आधुनिक डिजाइनों को एक्सप्लोर करके महिला बुनकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बना कर समकालीन बाजारों को आकर्षित कर सकती हैं, जो उनके शिल्प की सस्टेनिबलिटी को सुनिश्चित करेगी। एम्ब्रॉइडरी और प्रिंटिंग द्वारा मूल्य संवर्धन के माध्यम से हथकरघा को बढ़ावा देने से पारंपरिक वस्त्रों में नई जान आती है, तथा अद्वितीय और अत्यधिक वांछनीय उत्पाद तैयार होते हैं। एम्ब्रॉइडरी, सुई के काम से जुड़ी एक जटिल कला, जो हथकरघा कपड़ों में गहराई और विशेषता पैदा करती है। जरदोजी, कांथा या चिकनकारी जैसी विभिन्न तकनीकों को शामिल करके कारीगर साधारण हथकरघा वस्त्रों को विस्तृत, अद्वितीय टुकड़ों में बदल देते हैं। इससे न केवल सौंदर्य अपील बढ़ती है, बल्कि उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ता है, जिससे कारीगरों को बेहतर आर्थिक अवसर मिलते हैं।हथकरघा उद्योग में प्रौद्योगिकी और नवाचार का एकीकरण बुनकरों द्वारा अनुभव की जाने वाली कठिनाई को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और इस पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक प्रगति ने हथकरघा बुनाई से जुड़े शारीरिक श्रम को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे यह प्रक्रिया अधिक एफिशएंट और अपेक्षाकृत कम श्रम वाली हो गई है। कंप्यूटर-एडेड डिजाइन (सीएडी) सॉफ्टवेयर बुनकरों को बुनाई शुरू करने से पहले उन्हें जटिल पैटर्न और रंग संयोजनों के सुव्यवस्थित प्रयोग हेतु सक्षम बनाता है। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि त्रुटियों का जोखिम भी कम हो जाता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले आउटपुट प्राप्त होते हैं। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (7 अगस्त) के उपलक्ष्य में इस वर्ष मैं सभी से दो प्रतिज्ञाएं लेने का आग्रह करता हूं; पहली, हम सभी हथकरघा उत्पादों के साथ सेल्फी लेंगे और उसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे; दूसरी, हथकरघा को अपने परिधानों एवं दैनिक जीवन में शामिल करेंगे। प्रत्येक हथकरघा वस्तु अद्वितीय है, जिसे सावधानी एवं बारीकी से बुना जाता है, जो इसके बनाने वाले के समर्पण के साथ-साथ उसके शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है। हथकरघा उत्पादों का चयन करके हम न केवल पारंपरिक वस्त्रों की सुंदरता और विविधता को सम्मानित करते हैं, बल्कि कारीगरों की आजीविका में भी महती योगदान देते हैं। हथकरघा उद्योग में गुणवत्ता, निरंतरता और तकनीक को प्राथमिकता देना महत्त्वपूर्ण है। हर किसी को क्षेत्रीय शिल्पकारों और पारंपरिक बुनाई समुदायों का समर्थन करना चाहिए और उनके कपड़ों की खरीदारी के प्रति जागरूक रहना चाहिए जिससे इन्हें बनाने वाले लोग और यह क्षेत्र लाभान्वित होता है। हथकरघा वस्तुओं के निष्पक्ष व्यापार, रीजनल मैन्यूफैक्चरिंग, सस्टेनिबलिटी और शिल्प कौशल पर ध्यान देने से इस आंदोलन को बढ़ाने में मदद मिलेगी और हथकरघा बुनकरों को उनका हक मिलेगा।

# मणिपुर का दर्द, अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, 60 हजार से अधिक विस्थापित, दहशत से क्या हुआ हासिल

ऐसा कतई नहीं माना जा सकता कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें संजीदा होतीं, तो मणिपुर की हिंसा अब तक रुक न गई होती। मगर शुरू से ही इसे लेकर शिथिलता बरती गई, बल्कि कई ऐसे भी उदाहरण मौजूद हैं जब सत्तापक्ष की तरफ से उपद्रवियों को उकसावा मिला। मणिपुर की हिंसा अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर गई लगती है, जहां एक ही समुदाय के लोग एक-दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। तेंगनौपाल जिले में उग्रवादियों और एक ही समुदाय के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच हुई गोलीबारी और उसमें चार लोगों की मौत इसका उदाहरण है। वहां यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट यानी यूकेएलएफ और कुकी समुदाय के ही ग्रामीणों के बीच गोलीबारी हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने यूकेएलएफ प्रमुख का घर जला डाला। प्रशासन का कहना है कि यह उगाही पर नियंत्रण करने की कोशिश में हुआ टकराव हो सकता है। सच्चाई जो हो, पर यह बहुत चिंताजनक स्थिति है।

करीब सवा साल पहले मैतेई समुदाय को भी जनजाति की श्रेणी में शामिल करने को लेकर उभरा मतभेद और आक्रोश कुकी और मैतेई के बीच खूनी संघर्ष में परिणत हो गया। राज्य सरकार की लापरवाही या रणनीतिक चुप्पी की वजह से यह समस्या लगातार सुलगती रही। आज स्थिति यह है कि न तो कुकी इलाकों में मैतेई प्रवेश कर पाते हैं और न मैतेई इलाकों में कुकी। कभी साथ रहने वाले दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे की जान के दुश्मन बने बैठे हैं। अब अगर आपस में ही संघर्ष की नई स्थितियां उभरने लगी हैं, तो स्थिति बहुत गंभीर मानी जानी चाहिए।

मणिपुर की हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, साठ हजार से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं, ग्यारह हजार से अधिक घर जला दिए गए हैं। न तो बच्चों की पढ़ाई-लिखाई हो पा रही है, न लोग अपने काम-धंधे पर लौट पा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के लोगों ने खुद अपने सुरक्षा दस्ते बना लिए हैं। वे बारी-बारी से पहरा देते हैं। इन स्थितियों में उग्रवादी संगठनों ने भी अपने पांव पसार लिए हैं।

जाहिर है, उग्रवादी संगठनों का खर्च उगाही से ही निकल पाता है। ऐसे में अगर ग्रामीण समुदायों से उन्हें प्रतिकार मिल रहा है, तो इसकी असल वजहें जानने का प्रयास होना चाहिए। मगर सरकार को शायद इसका अवकाश नहीं। पिछले दिनों वहां के मुख्यमंत्री ने मणिपुर की स्थिति पर बयान तो दिया था, मगर वे इन हालात से निपटने के लिए क्या कर रहे हैं, उसकी कोई भरोसेमंद रणनीति उनके पास नहीं है। सरकार को यह समझने की जरूरत है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में सरकार और सुरक्षाबलों की लापरवाही या कमजोरी का नतीजा चरमपंथ के रूप में प्रकट होता है। ऐसा कतई नहीं माना जा सकता कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें संजीदा होतीं, तो मणिपुर की हिंसा अब तक रुक न गई होती। मगर शुरू से ही इसे लेकर शिथिलता बरती गई, बल्कि कई ऐसे भी उदाहरण मौजूद हैं जब सत्तापक्ष की तरफ से उपद्रवियों को उकसावा मिला। शस्त्रागार से हथियार लूट लिए गए, पुलिस के घेरे में स्त्रियों का बलात्कार हुआ, राजनेताओं तक के घरों को निशाना बनाया गया। गोलीबारी की ताजा घटना के बीच एक पूर्व विधायक के घर के पास रखा बम फटने से उनकी पत्नी की मौत हो गई। आखिर सरकार राज्य में इस तरह दहशत का माहौल बनाए रख कर क्या हासिल करना चाहती है। अगर इससे उसके कुछ राजनीतिक हित सध भी जाएं, तो लोगों के बीच सद्भाव की गहरी खाई को पाटने में वर्षों लगेंगे। लोगों के जख्म भरने और उनका दर्द दूर करने में सरकार शायद ही कभी कामयाब हो पाएगी!

# सचमुच का स्वतंत्रता दिवस

**गिरीश बख्शी**



आज बिहारी बाबू सबेरे से बड़े प्रसन्नचित्त हैं। दोपहर बारह बजे के नहाने वाले अलसबेरे छै बजे ही जोर-जोर से हर-हर गंगे-का पाठ करते हुए स्नान ध्यान से निवृत्त होकर घूमने निकल पड़े। उन्हे याद आये रघुनंदन बाबू। वे प्रातः भ्रमण रासिक हैं। उनका स्लोगन है-'लाख दवाओं की एक दवा, सबेरे-शाम की ठंडी हवा।' वे चप्पल पहन, घड़ी रख, बस बाहर निकलने की तैयारी में ये कि बिहारी बाबू एकदम सामने अवतरित हो गये। उनके गौरमुख पर प्रफुल्लता झिलमिला रही थी। चहक उठे-''चलो, आज अपने प्रिय रानी सागर की परिक्रमा लगा आएँ।'' रघुनंदन बाबू ने स्वीकृति में सिर हिलाते हुए खुश होकर कहा-''बिहारी बाबू के रानी सागर बिहार का प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार है।'' फिर दोनों एक साथ जोर से हँस पड़े।''

-''क्या बात है बिहारी! रोज से कही अधिक तुम, लाल नहीं, गुलाबी गुलाब की तरह खिले हुए हो।'' रघुनंदन बाबू ने पूछा। बिहारी बाबू लहक उठे-''हाँ भाई! आज मैं खुश हूँ, बहुत खुश हूँ। मैं ये सबेरे की मंद शीतल समीर, ये चमचमाता हुआ रानी सागर का पानी वो दूर पूरब में दर्शन देते सूर्य भगवान और बाहें फैला-फैला कर हमे बुला रहे ये हरे-भरे सारे पेड़-ऐसा लगता है रघु भाई! कि मैं ये समूचे वातावरण को समेट कर अपने आप में भर लूँ।''रघुनंदन ने जल्दी-जल्दी कदम बढ़ाते हुए



कहा-''तुम कल समेट लेना भैया! मुझे जल्दी घर पहूँचना है। ने केवल खुद तैयार होना है बल्कि बच्चों को भी उठाना है।' बिहारी बाबू भड़क उठे-''यही तो यार तुममे खराबी है आनन्द की वर्षा में कहाँ तुम काला छाता तान लेते हो। देर नहीं होगी, अभी काफी समय है। आज की इस प्रभात फेरी के बाद, मालूम है, मोती हलवाई से गरमागरम जलेबी लेंगे और फिर तुम्हारी शानदार हवादार बैठक के गद्देदार सोफा में बैठकर सबके साथ जलेबी का लुप्त उठाएंगे। मैं जानता हूँ भाभी जी! बहुत कुशल गृहणी है, उन्होंने बच्चों को तैयार कर दिया होगा। तुम घर की चिन्ता मत किया करो। ''देखना भाभी जी के साथ बच्चे भी जलेबी देखकर मगन हो जाएंगे। और तुम्हारी नहीं मेरी तारीफ करेंगे।''

झपट कर एक जलेबी उठाकर गप्प से मुँह में डाल कर बन्टी बोला-''मैं जान गया चाचाजी! कि आज आप सबेरे-सबेरे आये हो तो आप ही जलेबी लाये हो। क्या बढ़िया जलेबी है।'' भाभीजी ने भी जलेबी हाथ में रखकर तसदीक की-''सचमुच भाई साहब! ऐसी स्वादिष्ट जलेबी हमारे मायके में भी नहीं बनती। बाबूजी जब भी यहाँ आते हैं तो कहते हैं सुमन! सबसे पहले मोती हलवाई की जलेबी मंगवाओं।''

रघुनंदन बाबू ने बनावटी उलाइना देते हुए कहा-''सब कोई बिहारी की ही तारीफ किये जा रही हो, मुझे कोई देख भी नहीं रहा है। अगर आज मैं इसके मतलब बिहारी के साथ न होता तो यह थोड़ी यहाँ जलेबी लाता। बन्टी की माँ! मान लो, आज मेरे ही कारण बच्चों का जलेबी वाला स्वतंत्रता दिवस तो हुआ ही, तुम्हारा भी स्वतंत्रता दिवस हो गया। शाबासी दो मुझे!''

भाभीजी ने हँस कर कहा-''पर मैं तो प्रशंसा करूंगी भाई साहब की। जलेबी लाई तो उन्होने ही न! उन्ही के कारण मेरा भी आज स्वतंत्रता दिवस हो गया! क्यों भाई साहब!'' बिहारी बाबू मुस्करा कर बोले-''आप ठीक कहती हैं भाभीजी! मेरा तो आज सचमुच का स्वतंत्रता दिवस है।'' भाभीजी चकित हो उठीं-''सचमुच का स्वतंत्रता दिवस? मैं समझी नहीं!'' बिहारी बाबू ने समझाया-''देखिए! अभी से रघु भाई को हड़बड़ी होने लगी। उन्हे जल्दी जल्दी तैयार होकर स्कूल पहूँचना है, झण्डा वन्दन के लिए। जबकि मुझे तो अब कहीं नहीं जाना है क्योंकि मैं तो इकतीस जुलाई को रिटायर हो गया हूँ। तो यह आज का पंद्रह अगस्त हुआ न, मेरा ''सचमुच का स्वतंत्रता दिवस।''

## कविता



### आओ स्वतंत्रता दिवस मनाएं।।

अमन चैन सुख शांति का पुनः दीप जलाएं,
राष्ट्रध्वज हो सर्वोपरी मन में विचार लाएं।
शौर्य, साहस, और वीरता की गाथा हम गाएं,
संप्रभुता पंथ निरपेक्षता व राष्ट्र धर्म निभाएं।
जज्बातों से दूर रहें, ज्ञान- विज्ञान की जोत जलाएं,
कला संस्कृति साहित्य का पैमाना हम बढ़ाएं।
लोकतंत्रात्मक देश में सबको न्याय मिल पाए,
ध्यान रहे राष्ट्र की एकता खण्डित ना होने पाए।
समानता बंधुत्व भाईचारा का संकल्प दोहराएं,
शिक्षा व्यापार और उद्योगों में नूतन प्रगति लाएं।
अर्थ व्यवस्था हो मजबूत परिश्रम का फल पाएं,
विचार अभिव्यक्ति धर्म, कर्म का अधिकार पाएं।
एक दूसरे का सम्मान करें, विश्व गुरु कहलाएं।
मिले सभी को समान अवसर हक छिनने ना पाएं,
अंतर्मन में ना हो राग द्वेष, शांति प्रिय देश बनाएं।
हों संकल्पित विचार, आओ स्वतंत्रता दिवस मनाएं।



**मदन मंडावी**

# मन में बसे हैं राम - 233 : श्री राम का निश्चय, सभी की रक्षा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करना मेरा उत्तरदायित्व

**योगेन्द्र पांडे**



श्री राम ने माता कैकेई के विशेष भवन से निकलकर माता कौशल्या के भवन की ओर प्रस्थान किया। विशाल और भव्य राजप्रासाद का प्रांगण श्री राम के युवराज के रूप में अभिषेक के लिए पूरी तरह सज-धज कर तैयार है। श्री राम सोचने लगे, यह कैसा अद्भुत दिवस है। मैं और सीता कल रात्रि श्री हरि विष्णु के मंदिर में संयम व्रत पर थे। मैंने स्वयं इस नगरी को आज से पहले इतना अलंकृत कभी नहीं देखा है। अभिषेक के स्थान पर मेरा वनवास भी इतना वैभवपूर्ण हो गया है। श्री राम उस स्थिति की कल्पना से चिंतित हो गए, जिसमें प्रजा को यह ज्ञात होगा कि उनके राम ने अयोध्या नगरी छोड़ दी है। श्री राम प्रजा के प्रेम से परिचित हैं। इस समाचार से अयोध्या में एक विचित्र स्थिति उत्पन्न हो सकती है लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता है, क्योंकि माता ने तत्काल अयोध्या छोड़ने का आदेश दिया है।

श्री राम माता कौशल्या के भवन की ओर बढ़ रहे हैं। अनेक सेवक - सेविकाएं और राज्य के प्रहरी उनका अभिवादन कर रहे हैं। श्री राम अयोध्या साम्राज्य के मनोनीत युवराज हैं। सुरक्षा प्रहरियों ने तत्काल आगे बढ़कर उन्हें अपनी सुरक्षा में लेने का प्रयत्न किया, लेकिन श्री राम ने हाथ के संकेत से उन्हें मना कर दिया।यह उचित ही है, क्योंकि श्री राम का जन्म धरती के प्राणियों के कल्याण और आततायियों से उनकी सुरक्षा के लिए हुआ है। उन्हें किसी सुरक्षा की क्या आवश्यकता है?

श्री राम के मन में विचारों की श्रृंखला प्रारंभ हो गई। अगर अयोध्या से बाहर वैश्विक परिदृश्य में सोचूं, तो यह पृथ्वी अनेक राक्षसों के कारण भयाक्रांत और पीड़ित है। लोगों की स्वतंत्रता छिन गई है। माता कौशल्या कहती हैं कि राम तुम्हारा जन्म विशिष्ट उद्देश्य को लेकर हुआ है। सचमुच यह अद्भुत संयोग बन रहा है कि मुझे इस धरती के प्रत्येक मानव की व्यक्तिगत स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए वन की ओर प्रस्थान कर आज एक महा अभियान प्रारंभ करना होगा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता



### फहरेगा हर घर तिरंगा

दुनिया के गुलशन मे एक देश है रंग बिरंगा
फहरेगा अब घर घर तिरंगा, हर घर तिरंगा-2
कश्मीर से कन्या कुमारी, उत्तर से दक्षिण तक
सीमा की छोर तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक
समता और एकता की पहचान तिरंगा
फहरेगा अब घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा
तीन रंग से सजा हुआ भारत की आन है
लहर लहर लहराता ये भारत की शान है
देश के जन गण मन का अभिमान तिरंगा
फहरेगा अब घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा
परिलक्षित होती है जिसमे कौमी एकता
दर्शन होती है जिसमे अनेकता मे एकता
भारत के रज कण की स्वाभिमान तिरंगा
फहरेगा अब घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा
हिन्दू और मुस्लिम की, सिख और इसाई की
तीन रंग से सजा हुआ, प्रतीक है तरुणाई की
सरहद के हर जवान की है अरमान तिरंगा
फहरेगा अब घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा
भिन्न-भिन्न भाषा-भाषी, देश है रंग बिरंगा
सबको आपस मे जोड़े समता का तिरंगा
वसुधैवकुटुंबकम के भाव का
नाम तिरंगा फहरेगा अब घर-घर
तिरंगा, हर घर तिरंगा



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
**आमाचानी धमतरी**
**छ.ग. 9907126431**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया के सहाथ लगेगा। आज खास लोगों के बीच किसी नई गतिविधि को लेकर गंभीर चर्चा होगी, जो कि सकारात्मक रहेगी। आज किसी मामले को लेकर विचारों में भावुकता रहेगी।

**वृषभ** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज व्यवसायिक काम समय पर बनते जाएंगे। विदेश संबंधी व्यवसाय में परिस्थितियां आपके अनुकूल होने के आसार हैं। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**मिथुन** — आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी। आज रोजमर्रा कामों से हटकर कुछ नया सीखने में समय बीतेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। थोड़ी से बात पर परेशान होने के बजाय उसका हल ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सॉल्युशन मिल जायेगा। मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

**सिंह** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय में अतिरिक्त आय का कोई साधन बनने वाला है। इस राशि वालों अहर आपका पार्टनरशिप करने का प्लान है तो ये डील आपके लिए फायदेमंद होगी। अधिकतर समय मार्केटिंग और बाहर की गतिविधियों में बीतेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ध्यान रखें कि अगर प्रयासरत कार्यों में कोई व्यवधान आता है तो इसकी वजह आपकी एकाग्रता में कमी होगी। आज सम्मानित और प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आने से आपको कई नए विषयों की जानकारी मिलेगी।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई काम हल होगा।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी। ऑफिस में आपका प्रभुत्व बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी।

**धनु** — आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे। परिस्थितियों को गुस्से में हल न करें।

**मकर** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छत्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ** — आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है।

**मीन** — आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। पारिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल रहेगा।

# स्वतंत्रता दिवस अमर रहे...






























# आजादी के जश्न से विकसित भारत की शुरुआत

**- ललित गर्ग -**



भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस आजादी अमृतकाल के कालखंड के सन्दर्भ में एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति देने एवं नये संकल्प बुनने का अवसर है। यह एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना का स्मरण करने से कहीं ज्यादा है, यह भारत की चिरस्थायी भावना, समृद्ध विरासत और इसकी विविध आबादी को जोड़ने वाली एकता का जश्न है। यह स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान करने, पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई प्रगति का जश्न मनाने और निरंतर विकास और समृद्धि से भरे भविष्य की आशा करने का दिन है। 'विकसित भारत' की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान होगा। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। कोई भी विकसित होता हुआ देश किन्हीं समस्याओं पर थमता नहीं है। समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है।

स्वतंत्रता दिवस का एक दुर्लभ अवसर है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। केवल अपना उपकार ही नहीं परोपकार भी करना है। अपने लिए नहीं दूसरों के लिए भी जीना है। यह हमारा दायित्व भी है और ऋण भी, जो हमें अपने समाज और अपनी मातृभूमि को चुकाना है। भारत तो अतीत से विश्व को परिवार मानता रहा है, तभी उसने वसुधैव कुटुंबकम् का मंत्र उद्घोष किया। मोदी ने अतीत की उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए विश्व को अपना परिवार मानने की भावना का परिचय बार-बार दिया है। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर राष्ट्रीयता को जीना होगा। यही भावना सबल, सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा।



अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणओं वाले प्रधानमंत्री ने जमीन से जुड़ी प्रतिभाओं को पद्म सम्मान देकर भी भारत के जन-जन को उचित सम्मान देने की परम्परा का सूत्रपात किया है। आज जबकि भारत अपने पडोसी राष्टों की अस्थिर, अराजक एवं हिंसक घटनाओं से घिरा है, जब प्रधानमंत्री ने यह भरोसा दिलाया कि अनेक चुनौतियों के बावजूद भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, सुरक्षित और विकसित राष्ट्र का सपना साकार करने को तत्पर है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को साकार करते हुए मोदी देश की तकदीर एवं तस्वीर बदलने में जुटे हैं। इससे यह तो साफ हो गया कि वे इन बुराइयों से निपटने और उनके खिलाफ जनमत का निर्माण करने के लिए अपने तीसरे कार्यकाल में संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने राजनीति ही नहीं बल्कि जन-जन में व्याप्त होते भाई-भतीजावाद एवं परिवारवाद जैसी अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं को देश के लिये गंभीर खतरा बताया। इस बार मोदी ने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को रेखांकित किया, जिसे लेकर विपक्ष की भृकुटि कुछ तन गई है। उनके राष्ट्र-संकल्पों में ऐसी किरणे हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि ''अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ''। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।

आधारभूत ढांचों का विकास किसी देश की क्षमता का स्पष्ट प्रमाण है। स्वतंत्रता के बाद से अब तक भारत ने आधारभूत ढांचों के विकास की कहानी भारत की कुशल नीतियों को बयां करती है। भारत बुनियादी ढांचों के विकास में अब वैश्विक स्तर छू रहा है। भारत दुनिया में बिजली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। बिजली की औसत उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों में 20.5 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 23.5 घंटे तक पहुंच गई है। ट्रांसयूनियन सीआईबीआईएल की एक रिपोर्ट के अनुसार 2025 तक इंटरनेट के कुल नये यूजर में लगभग 56 फीसदी ग्रामीण भारत से होंगे। जनधन खाता सरकारी योजना के लाभार्थियों के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण का एक प्रमुख उपकरण बन गया है। आजादी के पहले पर्यटन जहां तीर्थाटन और देशाटन तक सीमित था, आजादी के बाद व्यवस्थित उद्योग के रूप में विकसित होना शुरू हुआ। आज स्थिति यह है कि पर्यटन के मानचित्र में भारत एक प्रमुख देश के तौर पर दर्ज है। लगातार हुए सरकारी प्रयासों के फलस्वरूप यह उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था का बड़ा संबल भी बना है। हालांकि अभी ऊंचाइयां छूना बाकी है, पर प्रगति की तेजी उल्लेखनीय है।

प्रधानमंत्री देश में आतंकवादी वारदातें कम करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने के संकल्पों के साथ आगे ब?ते हुए गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च कर रहे हैं और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। देशवासियों को इस बात का अहसास होने लगा है कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है।मोदी देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान करते हुए राष्ट्र को सबल एवं सक्षम बना रहे हैं। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बड़ा चुका है। हमें जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। वाकई देश में सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा है कि यदि सरकार का कर्तव्य है- हर समय बिजली देना, तो नागरिक का कर्तव्य है- कम से कम बिजली खर्च करना। अगर हमने इन संकल्पों को गंभीरता से लिया, तो भारत को विश्वगुरु होने से कोई नहीं रोक सकेगा।

एक बार फिर प्रधानमंत्री ने राजनीति से परे जाकर देश को जो?ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। यह थीम 2024 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के सरकार के दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह थीम बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, उद्योग, विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करती है। इसकी संपूर्ण झलक हमें कालजयी नेतृत्व मोदी की कार्य-योजना एवं नीतियों मिलती है जो 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का रोडमैप है। जब मोदी का रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म अब देश की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बन गए हैं। इनके चलते नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति बनेगी। यह विषय आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करता है जहां प्रत्येक नागरिक उन्नति कर सके। यह एक समृद्ध, समावेशी और लचीले भारत के निर्माण की सामूहिक आकांक्षा को दर्शाता है, जो आधुनिक प्रगति को अपनाते हुए अपनी समृद्ध विरासत का जश्न मनाएगा। इससे भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित होगा।

ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई पी एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## कविता

### पन्द्रह अगस्त शुभ दिन



पन्द्रह अगस्त वो शुभ दिन है, जिस दिन हमें मिली आजादी।
इसे पाने भारत मां की संतानों ने
अपनी जान की बाजी लगा दी।।
पंद्रह अगस्त शुभ दिन,,,,,,,,
पन्द्रह अगस्त सदा अमर रहे,
करे ऐसी हम युक्ति।
सबके हृदय में
बनी रहे मां भारती की देशभक्ति।।
चले मन में वतन के लिए
लेकर इरादा फौलादी ।।
पन्द्रह अगस्त शुभ दिन,,,,,,,
आओ पन्द्रह अगस्त को,
शक्ति दिवस के रूप में मनाएँ।
जन गण मन अधिनायक जय हो,
हम मिलकर सब गाएँ।।
करो सफाया दिनों दिन बढ़ रही है दुश्मनों की आबादी।।
पन्द्रह अगस्त शुभ दिन ,,,,,,,,
करें आज संकल्प,दृढ़ ,
देश के लिए जियेंगे-मरेंगे।
दुश्मनों के लिए काल बनकर
सिर पर उनके गिरेंगे।।
बोलो मिल कर गगन गुंजित स्वर ,
जय भारत माता की ।।
पन्द्रह अगस्त वो शुभ दिन है जिस दिन हमें मिली आजादी।।
जय हिन्द,,,,,,, जय भारत

**शेरसिह गोंडिया**
**मयारू मांटी**
**कोलियारी (गैंदाटोला) छुरिया**

## कविता

### ।।अर्पण की धरती भारत।।

राम कृष्ण की अमर गाथा, यह बुद्ध की धरती है।
महावीर की शून्यता धारे, विवेक जहाँ जगती है।।
आध्यात्म की भाषा गढ़ती, जीवन की परिभाषा।
भौतिकता में न कभी ये, संलिप्त हुआ करती है।।
वीर शिवा का शौर्य गान सुन, सिंह भी दुबका जाए।
सुभाष भगत की बलिदान गाथा, नील गगन गाए।।
रानी लक्ष्मी, पन्ना के त्याग से, मिला दिशा को दिशा।
मनुजता का उत्कर्ष यहाँ, सब देवों को भी भाए।।
ललाट रक्तिम कर्मभूमि ये, अभिनन्दन की धरती है।
साहस धीरज ही सदा-सदा, जीत वरण करती है।।
पथ प्रशस्त करता जाए सदा, आर्यवर्त अतीत यहाँ।
अनहद नाद गुंजित, अमृत झर-झर झरती है।।
टेक यहाँ सूर तुलसी के, नूपुर मीरा झंकृत करती है।
रैदास, नानक, दादू मुलुक, मिल पवन संग झरती है।।
पनघट गातीं अलबेलियां, करे अमराई अटखेलियाँ।
भोर भैरवी, सांध्य यमन, जैजयवन्ती जय करती है।।
अजेय अगेय सदा-सदा, प्राणों में प्राण संचरती है।
संस्कृति निधि छलकती, जीवन सतरंगी करती है।।
अंकों के झंझावातों में, जग को शून्य दिया जिसने।
नित अर्पण की धरती ये, नित अर्चन की धरती है।।
धरती में पग धरने पहले नर नारी नमन करतीं है।
वसुधैव कुटुम्ब चरितार्थ, जन मन किया करती है।।
पंच भूतों को शीश नवायें, जग में और देश नहीं ।
ऋषि कृषि वेदाधार ज्ञान से, चन्द्र में पग धरती है।।





**रोशन साहू ''मोखला'' (राजनांदगांव)**
**7999840942**

## 15 अगस्त को ही क्यों मनाया जाता है स्वतंत्रता दिवस

देश भर में हर साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन, हर एक देशवासी आजादी के इस जश्न को बड़ी धूमधाम से मनाता है। इस साल भी इसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। स्कूल, कॉलेजों से लेकर शिक्षण संस्थानों सहित अन्य सरकारी संस्थानों में इस पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी है, लेकिन क्या आपने कभी यह सोचा है कि आखिर स्वतंत्रता दिवस पंद्रह अगस्त के दिन ही क्यों मनाया जाता है। इसके पीछे की खास वजह क्या है। आइए जानते हैं इसके पीछे की वजह।

ब्रिटिश संसद द्वारा 30 जून, 1948 तक लॉर्ड माउंटबेटन को भारत को सत्ता हस्तांतरित करने का आदेश दिया गया था। हालांकि, लॉर्ड माउंटबेटन ने इस तिथि को पहले कर दिया था। उन्होंने इसकी तारीख़ अगस्त 15 अगस्त 1947 मुकर्रर कर दी थी। इस बारे में, राजगोपालाचारी का कहना था कि माउंटबेटन ने आजादी की तारीख को आगे बढ़ाने का फैसला इसलिए लिया था, जिससे देश में कोई स्थिति न बिगड़े।

माउंटबेटन ने सत्ता ट्रांसफर करने के बाद पंद्रह अगस्त को ही आजादी का चुना और इसके पीछे उन्होंने यह तर्क दिया था कि, इसी दिन द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण के दो साल पूरे हो रहे हैं। इसलिए इस दिन को ही आजादी के लिए चुना गया है। इसके बाद से आगे की सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद से यह दिन देश की आजादी का दिन बन गया था।

पाकिस्तान द्वारा जारी किए गए पहले डाक टिकट में 15 अगस्त को उसका स्वतंत्रता दिवस बताया गया था। वहीं, इस संबंध में पाक के पहले स्वतंत्रता दिवस को संबोधित करते हुए जिन्ना ने कहा था कि, 15 अगस्त पाकिस्तान के स्वतंत्रता का जन्मदिन है। हालांकि, एक साल बाद यानी कि साल 1948 में पाकिस्तान ने 14 अगस्त को अपना स्वतंत्रता दिवस के रुप में घोषित किया था।

## बाल प्रेरक प्रसंग : ब्रह्मलीन साहित्यकार पिता महेंद्र देवांगन 'माटी' की पुण्यतिथि

**// प्रेरणा //**

एक साहित्यकार पिता ने अपनी पुत्री से कहा- 'बिटिया सुनो तो।'

'हाँ, पापा क्या हुआ?' एक छोटी सी बच्ची दौड़ कर आई।

'आज मैंने कुछ पंक्तियाँ लिखी हैं। बैठो ज़रा मेरे पास। मैं तुम्हें सुना रहा हूँ।' पिताजी बोले।

'अच्छा! जी पापाजी।' बालिका ने बड़े ध्यान से पंक्तियाँ सुनी- 'बहुत सुंदर बाल कविता बनी है। पापा जी, आप इतनी अच्छी पंक्तियाँ कैसे लिख लेते हैं?' मज़ाकिया अंदाज में पिताजी बोले- 'पेन-कॉपी पकड़ो तुम भी; और लिखते चलो।'

'ओह पापा जी आप भी न! आप हमेशा ऐसे ही बोलते हैं। कुछ लिखना-विखना तो सिखाते नहीं।' मुँह बनाते हुए बालिका ने कहा।

'बिटिया सुनो तो! इधर तो आना।' पिताजी ने बालिका को अपने और करीब बुलाया।

'हाँ, पापा क्या हुआ? बालिका बोली। 'बैठो तो ज़रा। 'जी पापा!' बालिका स्टूल पर बैठ गयी।

थोड़ी देर बाद बालिका ने अपने मन की बात कही- 'पापा जी! बताइए न आप कैसे लिखते हैं?' मैं आपसे सीखना चाहती हूँ।' बालिका हठ पर उतर आई।

पापा बोले- 'मैंने रफ कॉपी में लिखा है, अब फेयर करने की बारी तुम्हारी है। बहुत सारी कविता, कहानी, कुछ... कुछ और है। अभी फेयर करने में तुम ध्यान नहीं दे रही हो रानी। चलो बेटा, आज तुम्हारी स्कूल की छुट्टी है। इसमें करेक्शन करते हैं।'

'ठीक है पापा।' कहते हुए बालिका पेन-कॉपी पकड़ कर बैठ ही रही थी, तभी पिताजी फिर बोले- 'बिटिया!'

'हाँ पापा।'

'ये बताओ, तुम मेरी हर कविता को फेयर करती होगी, चाहे वो छंद हो या मुक्तक। मुझसे ज्यादा तो तुम्हें याद रहता है कि अमुक कविता की अमुक पंक्ति है। बात छंद की है, तो तुम्हें मैं स्वयं सिखाऊँगा।'

'नहीं.... नहीं....पापा। मुझे ये छंद-वंद के चक्कर में नहीं पड़ना है। आप ही संभालिए अपने छंद को।' बालिका हाथ हिलाकर हँसती हुई बोली।

पिताजी बोले- 'अरे! कैसी बात करती हो? तुम्हें तो मुझसे आगे बढ़ना है। मुझे बहुत खुशी होगी।'

'ढंग से लिखने भी तो आना चाहिए। कैसी बातें करते हैं पापा आप।' बालिका ने पिताजी की तरफ नजरें घुमाई।

पिताजी बोले- 'जब तुम हरेक शब्द ध्यान से देख-सुन रही हो, तो तुम लिख क्यों नहीं पा रही हो? पता है, हमारे छंद कक्षा में हर उम्र के लोग सभी छंद की कविताएँ लिखते हैं। एक-एक मात्रा का ध्यान रखते हैं; और तुम तो अभी की बच्ची हो। तुम भी एक अच्छी सोच छंदबद्ध कविता व मुक्तक लिख सकती हो। साहित्य में छंदबद्ध रचनाओं का विशेष स्थान है।'

साहित्यकार पिताजी की बातों का बालिका पर गहरा असर हुआ। बालिका ने ठान लिया कि वह एक कविता लिख कर पापा जी को जरूर दिखाएगी। तुरंत उसने टूटी-फूटी भाषा में एक कविता लिख कर अपने पिताजी को दिखाई। पिताजी ने कविता पढ़ी, तो सचमुच वे बहुत खुश हुए। उन्हें लगने लगा कि उनकी बेटी में काव्य-सृजनशीलता है। उसके सर पर हाथ फेरते हुए बोले- 'अरे वाह बिटिया! आज तुमने मेरे मन की इच्छा पूरी कर दी। मुझे गर्व है तुम पर। मुझे उम्मीद है कि तुम एक दिन मुझसे बेहतर कविता लिखोगी; और मेरा नाम रोशन करेगी। खुद बहुत नाम कमाओगी।'

'कुछ भी न. आप भी। मुझे खुश करने के लिए बोल रहे हैं आप।' बालिका तिरछी मुस्कान भरती हुई बोली।

'नहीं...नहीं...! मैं ऐसे ही तारीफ नहीं कर रहा हूँ। तुमने सचमुच बहुत अच्छी कविता लिखी है।' एक साहित्य साधक पिता की बातें बालिका को लग गयी। भले देर से ही सही, पर बालिका को लिखने की प्रेरणा मिली। आज वह अपने साहित्यपथ पर अग्रसर है।

बच्चो! क्या आप जानते हैं उस कलमकार को; और कौन है वह बालिका? ठीक है, मैं बताती हूँ। वो साहित्यकार पिता हैं छत्तीसगढ़ के एक नामी लेखक ब्रम्हलीन महेंद्र देवांगन जी 'माटी'; और वह बालिका प्रिया देवांगन 'प्रियू' है ।



**प्रिया देवांगन 'प्रियू'**

## कविता

### 78वीं स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता और परतंत्रता
शिक्षा स्वतंत्रता, अशिक्षा परतंत्रता,
आत्म विश्वास स्वतंत्रता, पर विचार परंत्रता,
आर्थिक विकास समृद्धि, आलस रिपु,
स्वयं पर निर्भर रहे, दूसरों पर नहीं,
आगे बढ़े, परिश्रमी बनें, हाथ न फैलाएँ,
स्वतंत्रता का दीप हृदय को करे आलोंकित, अज्ञान के-
अंधेरे में न रहे,
चलें सुपथ में, न जाएँ कुपथ में,
सत् संगत, षठ सुधरे न बनें परतंत्र।
रोजगार और व्यापार सब का है, न बने निराश्रित,
धन का समान वितरण, न हो मेहनत का शोषण
स्वतंत्रता पुकार रही उठो जागो, अपनी आत्मा का करें उद्धार
,न हो नयन में अश्रु, चेहरे में न को निराशा ।
आशाओं की किरणों का प्रतीक सूर्योदय,
न खोएं स्वतंत्रता न बनें बंधक
व्यक्ति का हो पुनर्निर्माण, हो जाएगा
समाज का विकास ,
शरीर हो आरोग्य, दीन दुःखी ना हो।
देखो देश के उद्यमों को, इस्पात प्लांट को,
चट्टानों से हुआ है, कई मार्गों का निर्माण
घाटियों में बने है पक्की सड़के, मंदिर
मानव शक्ति ने विकास को दिया अंजाम ।
स्वतंत्रता है विकास, करें आत्मनिर्भर
भारत का निर्माण



**देवेन्द्र महोबे**
**खैरागढ़**
**9424129646**

## कविता

### ''हर हाथो में तिरंगा हो''

हर हाथो में तिरंगा हो,
मुख पर इंकलाब की बोली हो।
जो भारत को मुर्दाबाद कहे,
उसके सीने पर गोली हो।।
न घुसने देंगे चोरो को,
न लुटने देंगे लुटेरो को
वतन से दूर भगा देगें,
उन मक्कारो और गद्दारो को।
बुरी नजर रखने वालो, तेरे हृदय में भी किलोली हो।
जो भारत को मुर्दाबाद कहे, उसके सीने पर गोली हो।।
वतन के लिए मर जायेगें,
वतन के ही गीत गायेगें।
तिरंगा देश की शान है
तिरंगा हमारा प्रान है।
तिरंगा हमारा कफन बने, तिरंबा हमारा चोली हो।
जो भारत को मुर्दाबाद कहे, उसके सीने पर गोली हो।।
अपना खून पसीना बहाकर, आजादी हमें दिलाई है।
जिसके बलबुते पर हमने, सारी खुशिया पाई है।
ऐसे वीर सपूतो की कभी न हंसी ठिठोली हो।
जो भारत को मुर्दाबाद कहे,
उसके सीने पर गोली हो।।



**आनंदराम साहू (सार्वा)**

## कविता



### // स्वतंत्रता दिवस के प्रति //

हिंदोस्ताँ की तस्वीर यह दिवस।
वतनपरस्तों की तकदीर यह दिवस।
कुर्बानियों से भरी इस ज़मीं पे,
ख़ूँ से खींची लकीर यह दिवस।
रही ताकत-ए-कलम कलमकारों की,
माखन-मैथिली का जमीर यह दिवस।
गंगा यमुना सरस्वती का पावन जल,
हिमालय से बहता समीर यह दिवस।
गूँज़ता अज़ान के च़द लफज़ों में,
राम-कृष्ण का मंदिर यह दिवस।



**टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''**
**व्याख्याता (अंग्रेजी)**
**घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)**
**सम्पर्क - 9753269282.**

## कविता



### तिरंगा

मानौ तिरंगा ल जानौ सबो आज आवौ चलौ ये अजादी मनाबो। झंडा तिरंगा हवे देश के मान दे जान येला ग आगू बचाबो। देके सलामी उठा हाथ दूनों लगा खूब नारा सबो गीत गाबो।
रक्षा सदा तोर माँ भारती प्रान देके बचा पाँव माथा नँवाबो।

**नन्द कुमार साहू ''नादान''**
**जरहामहका, छुरिया**


हर घर तिरंगा
15 अगस्त 2024
स्वतंत्रता दिवस
हमारी शान तिरंगा
हमारी जान तिरंगा
आइये मनाएँ अपनी
आज़ादी का उत्सव
विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में
छत्तीसगढ़ महतारी के आँगन में
शान से लहराता रहे हमारा तिरंगा
गाँव में हो या शहर में
तिरंगा लहराए हर घर में
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ...
- विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।
संवाद:- 41153/65
विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# सु-मधुर गीतों के साथ लहराया तिरंगा सुहानी यादें कार्यक्रम में

**राजनांदगांव (दावा)। नगर की सुप्रसिद्ध संस्था 'संगीत सरिता' द्वारा सदाबहार गीतों के कार्यक्रम 'सुहानी यादें' का सफल आयोजन, स्थानीय पद्मश्री गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जिसमें नगर के सुप्रसिद्ध गायक-गायिकाओं द्वारा पुराने सदाबहार फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी गई।**




कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, बृजकिशोर सुरजन, श्रीमती अल्का सुरजन, सूर्यकांत चितलांग्या, समाजसेवी श्याम सुंदर सोनी डोंगरगांव, डॉ नरेन्द्र गांधी और एडवोकेट गजेंद्र बक्शी उपस्थित रहे। नगर के सुप्रसिद्ध संगीतगुरू तथा 'संगीत सरिता' के संस्थापक स्व. गिरजाकुमार सिन्हा की स्मृति में प्रतिवर्ष 'सुहानी यादें' का यह आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी इस कार्यक्रम में अमर पार्श्वगायक गायिकाओं लता मंगेशकर, मो. रफी, मुकेश, किशोर कुमार, हेमंत कुमार के साथ ही अन्य गायक गायिकाओं के सदाबहार और सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। नगर के युवा संगीतकार प्रशांत कुशवाहा ने संगीत संयोजन किया एवं अरुण चौधरी, तरुण गढ़पायले, सोनू मोनू, बॉबी ने कार्यक्रम में संगीत दिया।

कार्यक्रम में नगर के डॉ.एन के मिश्रा, राजकुमार शर्मा, इंजी. बलविंदर सिंह कंडा, अतुल व्यास, योगेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता अग्रहरि, डॉ.महेश श्रीवास्तव, डॉ. नीलू श्रीवास्तव, प्रो. रामकुमारी धुर्वा, इंजी.मनोज ओस्तवाल, अनामिका जैन, इंजी. रजत अग्रहरि, पलक सोनी, तनिष्का धनवानी (गायत्री विद्यापीठ) के साथ ही नगर के सुप्रसिद्ध संगीत साधक व कलाकारों ने अपनी कला व आवाज का जादू बिखेरा। कार्यक्रम का मनोरंजक और सफल संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी एवं उद्घोषक शरद श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में गायत्री गुरुकुल (गायत्री विद्यापीठ) का विशेष योगदान रहा। साथ ही पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख का विशेष सहयोग रहा। नगर के सुधी श्रोता श्रीमान लल्लू सिंह ठाकुर ने कलाकारों को प्रोत्साहित कर उनका मार्गदर्शन भी किया। उक्त जानकारी अधिवक्ता राजकुमार शर्मा तथा मनोज गुप्ता अग्रहरि ने दी है। आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित राजनांदगांव के संगीतप्रेमी श्रोताओं का 'संगीत सरिता' ने आभार व्यक्त किया है।

# दिग्विजय कॉलेज में हुआ अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। अंतराष्ट्रीय युवा दिवस पर शा. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर मैम के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे इकाई 02 प्रो. संजय सप्तर्षि के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-कर का हिस्सा लिया। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आज यूनिसेफ जिला समन्वयक जिला राजनांदगांव दिव्या राजपूत मैम उपस्थित रहे उनके द्वारा राजनांदगांव में शुरू होने वाले युवोदय स्वयंसेवक कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया साथ ही साथ पूर्व में अन्य जिलो में युवोदय के स्वयंसेवियों द्वारा कर रहे कार्यों को भी बच्चों को दिखाकर मार्गदर्शित किया गया एवं आने वाले दिनों में युवोदय राजनांदगांव के रूप में स्वयंसेवकों को जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम 75 स्वयंसेविकाएं और 25 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# श्री शिवमहापुराण कथा व महारुद्राभिषेक संपन्न



साल्हेवारा (दावा)। पवित्र श्रावण मास के अवसर पर आयोजित श्री शिवमहापुराण एवं सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन हरिहर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा ग्राम साल्हेवारा में किया गया था जिसका विश्राम हुआ।

कथा व्यास आचार्य पंडित सूरज उपाध्याय महराज सहसपुर साल्हेवारा ने कहा की यह आयोजन विश्व कल्याण जनकल्याण की भावना को लेकर किया गया। विशेष रूप से द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा श्रवणपान महराज द्वारा की गई। पं. मनहरन तिवारी, रविंद्र तिवारी, रविंद्र शर्मा, शंकर पांडे, नरेंद्र मिश्रा वैदिक ब्राह्मणों द्वारा शिव जी का रुद्राभिषेक किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से इस दिव्य महोत्सव का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में मनोज अग्रवाल, दिलीप शुक्ला, प्रेम जंघेल, मोहित रजक, नोहर भाई ने यजमानों की भूमिका निभाई। इस आयोजन में ग्यारह सौ रुद्राक्ष का वितरण भी किया गया।

# रिंग रोड निर्माण से डोंगरगढ़ शहर की भौगोलिक स्थिति में होगा विस्तार
## नगर पालिका से नगर निगम का दर्जा प्राप्त करने में होगी आसानी

**डोंगरगढ़(दावा)। विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर सहित डोंगरगढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं के संयुक्त प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा डोंगरगढ़ की जटिल हो चुकी यातायात व्यवस्था के समाधान हेतु सार्थक पहल की गई है।**

प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में शहरी क्षेत्र के मार्ग योजनांतर्गत धर्मनगरी डोंगरगढ़ हेतु प्रमुख सड़क निर्माण कार्यो को अनुपूरक अनुदान में शामिल किया गया है। जिसका इस वर्ष व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा।जिला राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में रिंग रोड का निर्माण लंबाई 26.00 किमी. (अनुमानित लागत ?8200.00 लाख) का प्रावधान किया गया है। राज्य शासन द्वारा लिया गया ऐतिहासिक निर्णय डोंगरगढ़ क्षेत्र के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। शहरी क्षेत्र का विस्तार होने से नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा हासिल करने में आसानी होगी।



**26 किलोमीटर की लंबाई वाली रिंग रोड में आने वाले विभिन्न ग्रामों का होगा सर्वांगीण विकास**
**० विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं की मांग**

### शहर के समीप स्थित विभिन्न ग्रामों से होकर गुजरेगी रिंग रोड

पीडब्लूडी विभाग द्वारा भेजे गए प्राक्कलन में शहर के समीप स्थित विभिन्न ग्रामों से होकर रिंग रोड का निर्माण प्रस्तावित है। प्रस्तावित रिंग रोड को खैरागढ़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम कलकसा से होकर ग्राम करवारी, बछेरा भाटा, चिद्दो होते हुए डोंगरगढ़-चिचोला मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम रामाटोला से होकर भंडार पुर से बधियाटोला होते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय से होकर ग्राम अछोली के बाहरी भाग से होते हुए ग्राम कलकसा से रिंग रोड को जोड़ा जायेगा।रिंग रोड से जुड़ने वाले सभी ग्रामों का उत्तरोत्तर विकास होंगा पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सभी के लिए यातायात व्यवस्था सम हो जाएगी।

### दो स्थानों पर बनेगा ओवर ब्रिज

डोंगरगढ़ के लिए प्रस्तावित रिंग रोड 11गांवों ( कलकासा, करवरी, लेडिजोब, राजकट्टा, कुरूं भाट राका, हरणसिंघी, नागतराई,,धुसेरा, अछोली और भैसरा) को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस रिंग रोड को रेल लाईन क्रॉस कराने हेतु दो स्थानों पर रोड ओवर ब्रिज बनाना पड़ेगा। रिंग रोड निर्माण से रोड से लगे समस्त ग्राम के ग्रामीणों को आवागमन एवं रोजगार विकसित करने में सहायता मिलेगी। डोंगरगढ़ नगर को परिवहन दबाव से मुक्ति मिलेगी और पर्यावरण में भी सुधार होगा।

# जिला स्तरीय शालेय व्याख्यान माला में युगांतर की निधि प्रथम

**राजनांदगाँव (दावा)। भारतवर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल की छात्रा निधि जांगड़े कक्षा दसवीं ने श्री रामायण प्रचारक समिति द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शालेय व्याख्यान माला प्रतियोगिता में प्रथम आकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।**



उन्होंने प्रतियोगिता के वर्ग अ में यह उपलब्धि हासिल की। इसी तरह प्रतियोगिता के वर्ग ब में विद्यालय के छात्र अर्पित श्रीवास्तव कक्षा बारहवीं ने तृतीय स्थान अर्जित कर अपनी वाक प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन विद्यार्थियों को श्री रामायण प्रचारक समिति ने क्रमशः स्मृति चिन्ह, सर्टिफ़िकेट, 1100 रूपए तथा 500 रूपए की सम्मानित राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि निधि ने रामचरितमानस में उल्लेखित नवधा भक्ति का प्रभावशाली विवेचन प्रस्तुत किया, जबकि अर्पित ने मानस में उल्लेखित सच्ची मित्रता को परिभाषित किया। इन विद्यार्थियों ने हिंदी विभागाध्यक्ष वी एन राय के मार्गदर्शन तथा हिंदी शिक्षक राजेश चौबे के निर्देशन में यह प्रभावी उपलब्धि अर्जित की। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# महापौर एवं निगम पदाधिकारियों ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई



**राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने हर घर तिरंगा लगाने महापौर ने नागरिकों से की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नागरिकों के जीवन में समृद्धि व खुशहाली की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में श्रीमती देशमुख ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व हमे राष्ट्रीय एकता और अखंडता से जुडने् की प्रेरणा देता है। हमारे महान राष्ट नायकों ने अपने बलिदान से हमें आजादी दिलाई। इस आजादी को कायम रखने हम अपना योगदान राष्ट के निर्माण में दे और स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाये। राष्ट प्रेम की भावना जन जन में जागृत करने हर घर तिरंगा लगाने एक सप्ताह से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों बच्चों में आजादी का महत्व बताना, उनमें देश प्रेम की भावना जगाना है और इसके लिये हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। हम सबकों इस अभियान से जुडकर देश की आजादी के लिये अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों की याद में अपने घरों में तिरंगा लगाना है। उन्होंने कहा कि यह स्वतंत्रता दिवस निगम पदाधिकारियों का जनसेवा की संकल्प यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव है और जन विश्वास की पूंजी से ही हम इस नगर के विकास का रास्ता तय करेंगे।

निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, श्रीमती दुलारी बाई साहू,गणेश पवार, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, राजेश गुप्ता चम्पू, वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति श्री गामेन्द्र नेताम, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा एवं पार्षदों ने स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए, हर घर तिरंगा लगाने अपील करते हुये इस पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकली विशाल रैली

डोंगरगढ़(दावा)। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी संस्कृति एवं वेषभूशा के साथ भव्य रैली निकालकर सामाजिक एकता का परिचय दिया।

छिरपानी मार्ग स्थित बूढादेव सामाजिक भवन से पूजा अर्चना और जयकारे के साथ निकली शोभायात्रा में लोगों ने शामिल होकर अपनी लोककला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। रैली उपर मंदिर सतबहिनी मार्ग से होते हुए अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, खंडूपारा, रेलवे चौक, गुरूद्वारा, बुधवारी रोड, जैन मंदिर, गोल बाजार होते हुए बस स्टेण्ड स्थित छत्तीसगढ़ चौक पहुंची। यहां देवी-देवताओं की पूजा अर्चना किया गया। यात्रा के समापन पर सामाजिक गोष्ठी हुई। शहर के प्रमुख मार्गो में विभिन्न समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी।

# संकुल स्तरीय क्रीडा एवं बौद्धिक प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा

**डोंगरगढ़ (दावा)। जिला ग्राम भारती के मार्गदर्शन में लाल बहादुर नगर संकुल का खेल प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बेलगांव में किया गया। उद्घाटन राजेश खांडेकर सचिव जिला ग्राम भारती राजनांदगांव के द्वारा किया गया इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई के भैया बहनों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिसमें बाल वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बहन उमा दूसरा स्थान, 600 मी दौड़ में उमा दूसरा स्थान, रिले रेस में बहन निशा एवं साथी दूसरा स्थान, 400 मीटर दौड़ में वासु यादव दूसरा स्थान, लंबी कूद में उमा गोस्वामी दूसरा स्थान, मूर्ति कला में तोशान देशमुख दूसरा स्थान एवं बाल वर्ग के भैया कबड्डी में दूसरा स्थान पर रहा।**




साथ ही प्रहलाद वर्ग में भैया बहनों का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा कुर्सी दौड़ में चैतन्य कदम पहले स्थान, फुगड़ी मे कंचन मारकंडे प्रथम स्थान, लंबी कूद कंचन मारकंडे प्रथम स्थान, लंबी कूद अनुज ठाकरे प्रथम स्थान, चित्रकला सौरभ पटेल दूसरा स्थान, ऊंची कूद हिमांशु पटेल दूसरा स्थान, ऊंची कूद कंचन मारकंडे दूसरा स्थान, रिले रेस सौरभ पटेल एवं साथी दूसरा स्थान, रिले रेस कंचन एवं साथी दूसरा स्थान, 100 मीटर दौड़ लुमन पटेल प्रथम स्थान, 100 मीटर दौड़ सौरभ पटेल पहले स्थान, 200 मीटर दौड़ कंचन मारकंडे पहले स्थान, 400 मीटर दौड़ सौरभ पटेल पहले स्थान, 400 मीटर दौड़ में लुमन पटेल दूसरा स्थान, गिल्ली डंडा डोमेश वर्मा दूसरा स्थान, एकल भजन में छत्रपाल वर्मा पहले स्थान, निबंध दोमेश वर्मा पहले स्थान, प्रश्न मंच डोमेश एवं साथी पहले स्थान साथ ही साथ भैया प्रहलाद वर्ग में कबड्डी में प्रथम स्थान पर रहे सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई के बहने खो-खो में दूसरा स्थान पर रही। कीड़ा प्रभारी जागृति, पूजा ठाकरे एवं चुरामन दास साहू के मार्गदर्शन में सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ए.आर. पटेल एवं व्यवस्थापक पूरन लाल पटेल अध्यक्ष माखन लाल पटेल सभी ने भैया-बहनों एवं प्रभारी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं व बधाई दी। समापन समारोह श्री जैन मेश्राम अध्यक्ष भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं कचरु हीरवानी, तेजलाल वर्मा, मुरली गेड़ाम, एवं बेलगाव के व्यवस्थापक छबिल साहू, प्रधान आचार्य केवल राम वर्मा के उपस्थिति में सम्पन हुआ। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# राष्ट्र स्तरीय आरके किड्स टैलेंट रनवे प्रतियोगिता में संगीत नगरी के प्रखर ने मारी बाजी

**खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश की राजधानी रायपुर में आरके किड्स टैलेंट रवने प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। जहां नवीन जिला केसीजी के खैरागढ़ निवासी 11 वर्षीय छात्र प्रखर वीर देवांगन ने कैसियो पर गायन में राष्ट्र स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संगीत नगरी का नाम रौशन किया है। छात्र प्रखर वीर देवांगन खैरागढ़ सिविल लाइन विद्या नगर व्यवसायी राजेंद्र कुमार देवांगन और स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत शारदा देवांगन के पुत्र है और वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल खैरागढ़ के छात्र हैं।**



गायन प्रतियोगिता में पूरे देश में किया प्रथम स्थान प्राप्त

बता दे कि उक्त प्रतियोगिता में देश के उडीसा, महाराष्ट्र, बिहार व छत्तीसगढ़ के 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा भारतीय सांस्कृतिक परिधानों में वॉक और भारतीय धर्म एवं संस्कृति से जुड़ी नृत्य प्रतियोगिताएं रहीं।

बच्चों ने हारमोनियम और कैसियो जैसे वाद्य यंत्रों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। उक्त कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्ट्रेस हेमा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। वहीं समापन अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक संपत अग्रवाल, डॉ.अजय साई व गौरव अग्रवाल व कार्यक्रम की संयोजक कविता सोनी उपस्थित रहे जिन्होंने विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया। छात्र की उपलब्धि पर गौरावान्वित माता-पिता परिजनों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# जिला मुख्यालय मोहला में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल तिरंगा रैली का आयोजन



**कलेक्टर एवं एसपी ने शान से लहराया तिरंगा**

मोहला (दावा)। जिला मुख्यालय मोहला में हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर एस जवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह द्वारा नागरिकगणों को राष्ट्र प्रेम का संदेश देते हुए तिरंगा शपथ, तिरंगा रैली, तिरंगा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, जनपद पंचायत सीईओ मोहला श्रीमति केशवरी देवंगन, जिलास्तरीय अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समूह की महिलाए, छात्र-छात्राए सहित नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारीयों एवं नागरिकगणों को हर घर तिरंगा का शपथ दिलाया गया। साथ ही राष्ट्र प्रेम का भाव जागृत कर सभी अधिकारियों द्वारा शान से तिरंगा तहराया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों को तिरंगा का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में बस स्टैण्ड से कलेक्टर कार्यालय परिसर तक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नागरिकगणों को राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया गया।

# नीरज विद्या मंदिर में तुलसी जयंती पूरी गरिमा के साथ मनाई गई

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पूरी गरिमा के साथ मनाई गई। नियमित प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों ने दोहों एवं चौपाईयों का सस्वर गायन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने कहा कि तुलसी के राम जन-जन के राम हैं और उनके चरित्र को अंगीकार कर हम श्रेष्ठ जीवन जी सकते हैं। साथ ही उन्होंने तुलसीदास जी के प्रमुख दोहों का सस्वर गायन किया और तुलसी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।




संस्था प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने कहा कि गोसाई जी ने मानव समाज को 'रामचरितमानस' महाकाव्य के माध्यम से भक्ति का वरदान दिया है। उनकी रचना कालजयी है और प्रत्येक युग में उसे लोग शिरोधार्य करते रहेंगे। संगीत शिक्षक द्वय शरद मेश्राम एवं डोमश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन में ईशिका साहू एवं आद्या जैन ने 'श्री रामचंद्रकृपालु भजमन' और 'सूरज की गरमी से जलते हुए मन को' जैसे भक्ति गीतों की प्रस्तुति से वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। कक्षा नवमीं की छात्रा आयुषी श्रीवास्तव ने गोस्वामी तुलसीदासजी और उनकी अमर रचना रामचरितमानस पर प्रभावी विचार रखे। । जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रार्थना सभा का प्रसंगानुरूप संचालन डॉ.लोकेश शर्मा ने किया।

पूरे आयोजन में हिन्दी विभाग की श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती रेखा निषाद, श्रीमती चित्ररेखा धनकर एवं श्रीमती नंदनी साहू मैम की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर शाला प्रबंधन के सम्मानित पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# हरियाली पर्व पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में गोपेश्वरी साहू प्रथम व नावेश द्वितीय

**राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम लोक पर्व हरेली के अवसर पर नगर निगम के महंत बलराम दास टाउन हॉल में साहित्यिक संगोष्ठी, पौधरोपण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ी लोक पर्व हरेली-स्वरूप व महत्व विषय पर आयोजित उक्त निबंध प्रतियोगिता में अंग्रेजी, हिंदी व छत्तीसगढ़ी भाषा के कुल 30 प्रतियोगियों द्वारा हिस्सा लिया गया था, जिसमें शहर के दिग्विजय कालेज, कमला कालेज व शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित जिले भर के कवि/रचनाकार प्रमुख थे।**

साहित्य समिति के सचिव मानसिंह 'मौलिक' ने बताया कि विद्वान निर्णायक डॉ शंकर मुनि राय, आत्माराम कोशा 'अमात्य' व डॉ. प्रवीण साहू के निर्णयानुसार उक्त निबंध प्रतियोगिता में कमला कालेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा गोपेश्वरी साहू प्रथम रही। वहीं द्वितीय स्थान पर शासकीय दिग्विजय कालेज के एम.ए. हिंदी के छात्र नावेश चंद्र साहू द्वितीय रहे, तीसरा स्थान, शंकरपुर निवासी (एल.बी) शिक्षक रौशन देवांगन को प्राप्त हुआ। तीनों को



**अतिथियों ने विजेताओं को नगद राशि व प्रमाण पत्र से नवाजा**

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख की ओर से नगद राशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह सांत्वना इनाम दिग्विजय कालेज के एम.ए. के छात्र रेशम साहू (डूमरडीह कला), शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के एम एस सी रसायन शास्त्र के छात्र अक्षत मिश्रा व एम ए हिंदी के छात्र तीरथ कुमार धुर्वे को साहित्य समिति के पवन यादव पहुंना की ओर से मुख्य अतिथि द्वारा नगद राशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष दाऊ सुरेंद्र वैष्णव ने इन विजेता प्रतिभागियों को नगद राशि व प्रमाण पत्र सहित हरेली के अवसर पर नीम पत्ती माल्य पहना कर सम्मान किया और कहा कि हमें हमारी लोक संस्कृति, पर्व एवं त्योहारों को नहीं भूलना चाहिए जीवन का रस और आनंद इन्हीं त्योहारों व पर्वों में है। इन पर्वों को मनाने के साथ इनकी अक्ष्क्षुणता को बचाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री घनेश पाटिला विशेष अतिथि राजेश गुप्ता अग्रहरि व कमल सोनी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष व छ.ग. राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 'अमात्य', दिग्विजय कालेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ शंकर मुनि राय 'गड़बड़', कमला कालेज के प्रो.ओंकार लाल श्रीवास्तव, चिंतक कृष्ण कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू, व्यंग्यकार गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', डॉ.चंद्रशेखर शर्मा, आदि की उपस्थिति में नीम आंवला अमरुद व गुड़हल पौधे का रोपण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर निगम परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व आरती-वंदन सहित नीम पत्ती माल्य पहनाकर किया गया। अवसर पर दिग्विजय कालेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.श्री राय सहित प्रो.ओंकार लाल श्रीवास्तव व प्रो.कृष्ण कुमार द्विवेदी, कवि ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' व पवन यादव 'पहुंना' हास्य-व्यंग्य के कवि विरेंद्र तिवारी 'वीरु' ने गिरीश ठक्कर स्वर्गीय, कवि एवं फिल्म निर्माता अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, कवि रोशन साहु 'मोखला', राज कुमार चौधरी 'रौना', बलराम सिन्हा 'रब', आदि ने हरेली पर आधारित व्यक्तव्य कहे और रचनाएं सुनाकर लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम का संचालन क्रमशः पवन यादव पहुंना, रोशन साहू 'मोखला' ने वहीं आभार प्रदर्शन कवि मानसिंह मौलिक द्वारा किया गया।

# ग्रामीणजन जर्जर सड़कों पर चलने मजबूर हैं -कमलेश तिवारी

**राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख कमलेश तिवारी ने जर्जर सड़कों को लेकर कांग्रेस भाजपा के नेताओं द्वारा भ्रामक ब्यान जारी कर वाहवाही लूटने का जो सिलसिला शुरू किया है उस पर ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है।**

श्री तिवारी ने अपने ब्यान में कहा है कि ग्रामीण इलाकों में कई सड़कें आज भी जर्जर हैं। वहीं कुछ को बनाने का काम शुरू भी किया गया है लेकिन ठेकेदारों एवं विभागीय अधिकारियों ने तालमेल न होने के कारण ग्रामीणजन चिथड़े कीचड़ मिट्टी दलदल में आवागमन करने मजबूर हैं। क्षेत्र के बड़े जनप्रतिनिधि कभी इन इलाकों का दौरा नहीं करते। जिसके कारण इस प्रकार की अराजकता ग्रामीण इलाकों में आवागमन को लेकर है। राजनीतिक पार्टी के नेता झूठी वाहवाही लूटने के लिए एक दूसरे पर दोषारोपण कर देकर सरकारों को दोषी बताते हैं।

श्री तिवारी ने कहा है कि इस प्रकार के ब्यानबाजी से आवागमन की सुविधा ग्रामीणजनों को नहीं मिलना है। जब तक ऐसी स्थिति बनाने वाले चाहे विभागीय अफ्सर हों या ठेकेदार हो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं होगी। मात्र चार दिवारी में बैठकर कोरे बयानबाजी देकर समाचार प्रकाशन करवाने से सड़कों की हालत नहीं सुधने वाली। वेसे भी करोड़ों रुपए खर्च कर जनता के सुख सुविधा के लिए सुगम आवागमन को लेकर सरकार सड़क निर्माण के लिए राशि को स्वीकृत करती है लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण भ्रष्टाचार की भेंट ये सड़कें चढ़ जाती है। खामियाजा उस क्षेत्र के ग्रामीण आने जाने वाले छात्र छात्राओं वाहन मालिकों को भुगतना पड़ता है। श्री तिवारी ने कहा है कि जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

# प्राचीन एवं परंपरागत नेचुरल थैरेपी से वात संबंधी रोगों की पहचान एवं निदान विषय पर कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्राचीन परंपरागत नेचुरल थैरेपी से वात संबंधी रोगों की पहचान एवं निदान विषय पर रसायन शास्त्र विभाग, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वाधान मे एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे प्रसिद्ध वैद्य एवं आयुर्वेदाचार्य जगदीश चंदेल मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षणकर्ता रहे।



उन्होंने अपने द्वारा बनाये गये लोशन से महाविद्यालय के कई प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापको, कर्मचारियों का मुफ्त में इलाज किया, जिसमें साइटिका, वात सम्बन्धी रोग, कमर दर्द, जोड़ दर्द आदि में सभी को त्वरित राहत मिली। कार्यक्रम में डॉ.अनीता माहिश्वर, डॉ.के.के.देवांगन, प्रो. यूनुस रजा बेग सर, डॉ.अनीता साहा, रीमा साहू, करुणा रावटे, हिरेन्द्र ठाकुर, अथिति व्याख्याता, कर्मचारी स्टॉफ उपस्थित रहे। इसके अलावा एमएससी-बॉटनी एवं केमिस्ट्री के छात्रों की भी सहभागिता उल्लेखनीय रही।

वैद्य चंदेल जी ने कॉलेज कैंपस में प्रशिक्षण के दौरान कई लोगों का नेचुरल थैरेपी से समाधान किया जिसमें बच्चों को भी सीखने का मौका मिला। बच्चों को भी उपचार के दौरान मुख्य प्रक्रिया से जोड़कर उनकी मदद से उन्हें भी नेचुरल थैरेपी के नुस्खे सीखना इस कार्यशाला का भी मुख्य उद्देश्यों में से एक था, जिनसे वो अपने परिवारजन, आसपास और जरूरतमंद लोगो की सेवा कर सकें। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ डाकेश्वर वर्मा ने बताया की वैद्य चंदेल जी को सम्बन्धित क्षेत्र में 25 साल का तजुर्बा है, जिसके अंतर्गत वो पिछ्ले कई वर्षो से लोगो की निःस्वार्थ सेवा करते आ रहे है। भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों के लिए भी चंदेल जी ने अपनी सेवाएं देने की सहमति भी दी है। अंत में कन्वेनर प्रो. यूनुस रजा बेग ने धन्यवाद ज्ञापन सौपा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य प्रोफेसर अंजना ठाकुर ने रसायन विभाग को आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दी एवं भविष्य में इस तरह के आयोजन करने के लिए प्रेरित की।

# चलित थाना अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस पहुँची राजीव नगर

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस प्रशासन के द्वारा अपराध की रोकथाम तथा जन जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके तारतम में आज पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन में बसंतपुर थाना टी आई सत्यनारायण देवांगन की अगुवाई में पुलिस स्टाफ राजीव नगर वार्ड क्रमांक 42 पहुंचे वार्ड पार्षद ऋषि शास्त्री के सहयोग से क्षेत्र के लोग एक स्थान पर जुटाए गए साथ ही मितान कार्यालय को चलित थाना के रूप में तब्दील कर वार्ड में अभियान का आगाज हुआ।

पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि आज चलित थाना अभियान के जरिये बसंतपुर थाना के उपनिरीक्षक देवदास भारती सहित आरक्षक आदित्य सोलंकी, राजेश बन्देश्वर एवं महिला आरक्षक सन्तोषी मानिकपुरी ने वार्डवासियों से वन टु वन कर उनकी समस्या



**पार्षद ऋषि शास्त्री का मिला सहयोग जुटे वार्ड के लोग, मितान कार्यालय तब्दील हुआ चलित थाना के रूप में**

जानी साथ ही आपराधिक और असमाजिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली खास बात यह रही कि वार्डवासियो ने खुले मन से पुलिस का सहयोग किया और सुरक्षित एवं बेहतर वार्ड की कल्पना को लेकर एक मुहिम को भी बल दिया, पुलिस ने युवा, महिला, बुजुर्गो से चर्चाएं भी की और उनका पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ाया।

पुलिस विभाग से पहुचे अधिकारी ने लगातार इस अभियान के तहत वार्ड में बैठका का आयोजन सहित मिली समस्या को निराकरण करने सहित पेट्रोलिंग बढ़ाने को लेकर आला अधिकारियों तक बात पहुँचाने का आश्वासन दिया, प्रति सप्ताह इस तरीके से वार्ड के विभिन्न स्थानों पर पुलिस पहुचेगी। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ रिटायर्ड पुलिस आरक्षक बिहारीलाल सेन, चंद्रिका प्रशाद देशमुख, लक्ष्मण यादव, राकेश शर्मा, हना राव मोहिते, लोचन सिन्हा, रितेश साहू, प्रेम साहू, सोनू वर्मा, उमाशंकर सारथी, विजय मेंश्राम,प्रेमु निषाद,दिनेश मेश्राम, मितानिन गायत्री साहू, आशा दीदी, अनसुइया साहू, पार्वती साहू, कांति यादव, आशा साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस तथा ग्रंथालय दिवस मनाया गया

डोंगरगढ़(दावा)। शा. कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर के दिशा निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस तथा ग्रंथालय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एस.आर. रंगनाथन एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

श्रीमती रीना सलामे ग्रंथपाल द्वारा उद्बोधन में बताया गया कि 12 अगस्त को रंगनाथन जी के जन्म दिवस अवसर पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय ग्रंथालय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

रंगनाथन जी को लाइब्रेरी साइंस का जनक कहा जाता है। लंदन में शिक्षा ग्रहण कर लाइब्रेरियन की उपाधि प्राप्त की थी द्य उनका लाइब्रेरी



व्यवस्थापन के सुचारु रूप से संचालन में विशेष योगदान था द्य श्री मनोहर बोकडे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिवस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही राष्ट्र का निर्माता है द्य प्राचार्य डॉ ठाकुर द्वारा महाविद्यालय छात्र छात्रों को कहा गया कि महाविद्यालय के शिक्षक आपके भविष्य के लिए प्रयासरत हैं तथा उनके द्वारा बताए गए बातों का अनुसरण करे , लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई करें तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करें निश्चित ही सफलता मिलेगी तथा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर हेमलता गायकवाड द्वारा किया गया। बी.आर. चंद्रवंशी, अरुण कुमार साहू, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीछा, हेमंत कवर, विनय राज, प्रीति साहू, कामिनी वर्मा तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण वर्ग संपन्न सरस्वती शिशु मंदिर में

डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में कम्प्यूटर प्रशिक्षणवर्ग संपन्न सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में कम्प्यूटर से संबंधित नई टेक्नोलॉजी का जैसे गूगल शीट, गूगल डॉक, ई पाठशाला, यू डाइस, पावरप्वाइंट, एक्सेल वर्ल्ड आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण के मुख्य शिक्षक थे भरत लाल साहू केंद्रीय विद्यालय रायपुर के कंप्यूटर के शिक्षक सहयोगी के रूप में भीषम कुमार साहू केंद्रीय विद्यालय रायपुर के योग शिक्षक उपस्थिति रहे। जिन्होंने विद्यालय के आचार्य दीदियों को ऑल टेक्नोलॉजी के बारे में तथा कंप्यूटर के विभिन्न अनुप्रयोग के बारे में विस्तार से समझाया और बताया प्रशिक्षण दिए। जिन्हें विद्यालय के प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद और वरिष्ठ आचार्य थैलेष साहू ने श्रीफल और उपहार द्वारा सम्मानित किया।

# स्काउट गाइड निपुन रोवर रेंजर जांच शिविर का समापन

**डोंगरगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा अभय कुमार जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट के निर्देश एवं मार्गदर्शन अनुसार जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड निपुन रोवर रेंजर जांच शिविर 2024 का आयोजन 08 से 11 अगस्त तक आई.टी.आई कोनारी डोंगरगांव में किया गया।**

इस शिविर में जिले में दल संचालन हेतु प्राप्त अधिकार पत्र वारंटधारी स्काउटर गाइडर के 53 शालाओं से 176 स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने सहभागिता



ली। शुभारंभ के मंचीय कार्यक्रम के अतिथि राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ तथा महेश खंडेलवाल आजीवन सदस्य जिला संघ राजनांदगांव एवं टोमन साहू अध्यक्ष भारत स्काउट/गाइड विकासखंड डोंगरगांव ने अध्यक्षता की।

वहीं शिविर समापन पूर्व संध्या पर गोलछा जी के साथ, दिनेश गांधी पूर्व जिपं अध्यक्ष एवं संरक्षक स्थानीय संघ डोंगरगांव, सहित आजीवन सदस्य जिला संघ स्काउट गाइड राजनांदगांव के सदस्य आर.एल.पात्रे बीईओ पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट, टोमन साहू, डी.के.पाण्डे प्रभारी आई.टी.आई.कोनारी की गरिमामय उपस्थिति में कैम्प फायर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अंतिम दिवस सर्वधर्म प्रार्थना खुला सत्र एवं विधिवत ध्वज अवतरण कर शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर उषा चटर्जी जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड द्वारा शिविर का निरीक्षण किया एवं प्रतिभागियों को स्काउट गाइड स्किल में परिपूर्ण होने प्रोत्साहित किया एवं अलखराम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक एच.डब्लू.बी.स्काउट योग प्रशिक्षक ने शिविरार्थियों को योग की बारीकियों से अवगत कराते हुए योगाभ्यास कराया। शिविर संचालक मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त स्काउट जिला पर्यवेक्षक, देवेंद्र अम्बादे जिला सचिव स्काउट गाइड, लेखराम वर्मा विखं सचिव स्काउट गाइड डोंगरगढ़ मुख्य परीक्षक स्काउट विभाग, डेहर साहू विखं सचिव स्काउट गाइड छुरिया मुख्य परीक्षक रोवर विभाग, धनेश्वरी साहू मुख्य परीक्षक गाइड विभाग, कीर्ति साहू मुख्य परीक्षक रेंजर विभाग, टोमन पटेल विखं सचिव स्काउट गाइड डोंगरगांव शिविर क्वाटर मास्टर सहित सहायक संचालक मंडल ने अपनी सेवाएं दी।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त को बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नियंत्रण दवा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त 2024 को 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निश्शुल्क खिलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे या किशोर कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) खिलाने से छूट जाएंगे उन्हें मॉप अप दिवस 4 सितम्बर 2024 को खिलाई जाए। कलेक्टर ने बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि अपने 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए अपने निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजॉल अवश्य खिलाएं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि कृषि संक्रमण से बच्चों और किशोर-किशोरियों में कुपोषण और खून की कमी होती है, जिसके कारण बच्चों और किशोर-किशोरियों में



**कलेक्टर ने 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजॉल खिलाने की अपील की**

हमेशा थकावट रहती है और संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होता। उन्होंने कहा कि बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्हें कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) जरूर खिलायें। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त 2024 को जिले के 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के 3 लाख 66 हजार 233 बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में 97 हजार 149, शासकीय स्कूलों में 1 लाख 51 हजार 512, निजी स्कूलों में 45 हजार 972 तथा 6 से 19 वर्ष के शाला त्यागी 71 हजार 600 बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेडाजॉल) खिलाने का लक्ष्य है। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली पीसकर एवं 2 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को एक गोली (400 मिग्रा) चबाकर खिलाई जाएगी। एल्बेडाजॉल खिलाने से छूटे बच्चों को मॉप अप दिवस 4 सितम्बर 2024 को खिलाई जाएगी। कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानी अपनाने की आवश्यकता है। आसपास सफाई रखें। साफ पानी में फल व सब्जियों धोएं। हमेशा साफ पानी पिएं। खाने को ढक कर रखें। नाखून साफ और छोटे रखें। जूत-चप्पल पहने। अपने हाथ साबुन से धोएं, विशेषकर खाने से पहले और शौच जाने के बाद। हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# छ.ग.प्रदेश अधिकारी कर्मचारी सम्मेलन में निःशुल्क कोचिंग की भूरि-भूरि प्रशंसा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय साहू अधिकारी कर्मचारी सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में किया गया।

इस सम्मेलन में राजनांदगांव जिले के प्रकोष्ठ के सत्तर अधिकारी कर्मचारी भाग लेने रायपुर पहुंचें। समारोह में जिला महामंत्री नीलमणि साहू, प्रदेश संगठन मंत्री माधव साहू, हेमनाथ साहू, युवा साथी तिजेन्द्र साहू, डॉ. चेतन लाल साहू, परियोजना अधिकारी वीरेन्द्र साहू को मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री

**सम्मेलन में जिले के आधा दर्जन अधिकारियों का किया गया सम्मान**

अरूण साव के हाथों सम्मानित किया गया। सम्मेलन में राजनांदगांव जिले की निःशुल्क कोचिंग क्लास में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मॉंकटेस्ट, नवोदय विद्यालय प्रवेश, सैनिक स्कूल प्रवेश, कैरियर गाइडेन्स, स्वच्छता अभियान, खेल गतिविधियां, पौधरोपण, रक्तदान शिविर, किसान संगोष्ठी व प्रकोष्ठ की अन्य रचनात्मक गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। सम्मेलन में जिला संरक्षक डॉ. नीरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक यशवंत साहू, सचिव मिलन साहू, प्रदेश सह संयोजक परदेशी राम साहू, संभागीय संयोजक रुपेश साहू, पवन साहू, पूर्व जिला संयोजक जयंत साहू, जिला सह संयोजक छन्नू लाल साहू, संगठन सचिव लविन्द्र साव, मोरध्वज साहू, विष्णु साहू, कुंज बिहारी साहू, खोरबाहरा राम साहू, धन्नूलाल, भोज गंजीर, वीरेंद्र साहू, जितेंद्र हिरवानी, लोकेश साहू, रमेश साहू, मोरेश्वर साहू, मनहरण साव, चुरामणि साहू, रामकुमारी साहू आदि मौजूद रहे।

समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अश्वनी राठौर
थाना प्रभारी
एवं समस्त स्टॉफ थाना
अम्बागढ़ चौकी (छ.ग.)

जिले के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं..
सचिव
जुगल किशोर सिन्हा
सरपंच
टेमनलाल कोमरे
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
आज़ादी के 75 वर्ष
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Azadi Ka Amrit Mahotsav
nrsc
ग्राम पंचायत पेन्दलकुही,
वि.खं.-अंबागढ़ चौकी

जिले के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं..
सचिव
चिरंजीव यादव
सरपंच
जीतलाल चंद्रवंशी
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
आज़ादी के 75 वर्ष
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Azadi Ka Amrit Mahotsav
nrsc
ग्राम पंचायत चिल्हाटी,
वि.खं.-अंबागढ़ चौकी

जिले के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं..
सचिव
जुगल किशोर सिन्हा
सरपंच
दिनेश नुरेसिया
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
आज़ादी के 75 वर्ष
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Azadi Ka Amrit Mahotsav
nrsc
ग्राम पंचायत कोरचाटोला,
वि.खं.-अंबागढ़ चौकी

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं..
सचिव
विष्णु अंबादे
सरपंच
श्रीमती रैनवती
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
आज़ादी के 75 वर्ष
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Azadi Ka Amrit Mahotsav
nrsc
ग्राम पंचायत कुसुमकसा,
वि.खं.-अंबागढ़ चौकी

जिले के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं..
सचिव
विष्णु अंबादे
सरपंच
श्रीमती बुधियारिन कटेगा
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
आज़ादी के 75 वर्ष
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Azadi Ka Amrit Mahotsav
nrsc
ग्राम पंचायत लाताकोड़ो,
वि.खं.-अंबागढ़ चौकी

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं..
सचिव
महाजन कोमरे
सरपंच
भैय्याराम कुंजाम
उपसरपंच
एवं समस्त पंचगण
आज़ादी के 75 वर्ष
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Azadi Ka Amrit Mahotsav
nrsc
ग्राम पंचायत तिरपेमेटा,
वि.खं.-अंबागढ़ चौकी

# जिला पंचायत सीईओ ने जिले में संचालित पोट्ठ लईका पहल अभियान की समीक्षा की

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले को कुपोषण मुक्त करने के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान संचालित है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में संचालित पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत अब तक किए गये कार्य की समीक्षा की।

**0 पालक चौपाल सुपोषण जागरूकता की दिशा में हो रहा कारगर साबित**
**0 बच्चों के पोषण स्तर में सुधार पर सभी मैदानी अमले को दी बधाई**
**0 पालक चौपाल में हाथ धोने के तरीके पर विशेष परामर्श देने कहा**




जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को चयनित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालक चौपाल सुपोषण जागरूकता की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। कुपोषित बच्चों की माता, उनके पालकों और गर्भवती तथा शिशुवती माताओं को बुलाकर उन्हें पोषण संबंधी परामर्श देने से उनमें सुपोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक बदलाव आ रहा है। सीईओ सुश्री सिंह ने सभी मैदानी अमले को पालक चौपाल में नव-विवाहिताओं को अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्तमान में मौसमी बीमारियों एवं डायरिया की संभावना को देखते हुए पालक चौपाल में हाथ धोने के तरीके पर विशेष परामर्श देने, बच्चों की स्वच्छता तथा गांव में आस-पास की स्वच्छता पर ध्यान देने के लिए सलाह देने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज दिव्यांग बच्चों एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों, गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों की भी पृथक से सूची तैयार करने के लिए कहा और उन बच्चों को स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रवार पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत चयनित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार पर सभी मैदानी अमले को बधाई दी और निरंतर कार्ययोजना बनाकर लक्षित सभी बच्चों को कुपोषण से बाहर लाकर सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए कहा। बैठक में मैदानी अमले से आंगनबाड़ी केंद्रवार कुपोषित बच्चों की स्थिति में हुए सुधार पर चर्चा की गई। साथ ही योजना के संचालन में आ रही समस्याओं, सुझावों एवं आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी तथा पर्यवेक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

# डौंडी लोहारा विधानसभा के सरपंच तथा कार्यकर्ता ने की मुख्यमंत्री सौजन्य मुलाकात




डौंडीलोहारा (दावा)। ग्राम पंचायत सहगांव के प्रतिनिधि सरपंच सुंदर सिंह यामले, उपसरपंच भूषण लाल देवांगन, सचिव लच्छन लाल पटेल ने अपनी स्थानीय मांग को लेकर राजमहल के कुंवर लाल, निवेंद्र सिंह टेकाम के नेतृत्व मे सौजन्य मुलाकात किए।

ज्ञात हो कि युवराज निवेन्द्र टेकाम जब से राजनीति में आये है तब से जमीनी स्तर पर लोगों की बातों को सुनकर सदैव उनकी समस्याओं का निदान करवाने में शासन प्रशासन स्तर पर उनके सभी कार्य का निराकारण करवाने के लिये प्रयासरत रहते है,

इससे पूरे डोण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्रों में खास करके वनांचल क्षेत्रों में बहुत ही समस्याओं का अंबार लगा रहता है लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से बढ़ती दूरियों के कारण अपनी समस्याओं, अपनी बात को ऊपर शासन प्रशासन तक नही रख पाते, युवराज टेकाम की बढ़ती लोकप्रियता से और मिलन सार व्यक्तित्व के कारण आज उनके प्रखर वाकपटुता, मददगार करने की नेतृत्व क्षमता से लोगों और जनता को काफी सरलता एवं सहज बनाती है। इस अवसर पर सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता हरीश बर्मन निखिल शर्मा व मनीष राजपूत उपस्थित थे।

श्री टेकाम ने कहा की मेरे माता पिता सदैव आदिवासी वनांचल के लोगों तथा सभी वर्ग के नागरिक कार्यकर्ता सभी को परिवार समझ इस क्षेत्र को ऊचांइयों तक ले गए है वैसे ही पूरे क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है और उनके लिए हर संभव उनके लिए मैं खड़ा रहूंगा और लड़ाई लड़नी पड़े उसके लिए भी मैं हमेशा अग्रसर रहूंगा।

# निविदा निरस्त करने की मांग को लेकर मिले नेता कलेक्टर से



खैरागढ़ (दावा)। निविदा फार्म वितरण के अनियमितता को लेकर सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, पार्षद सुमीत टांडिया, दीपक देवांगन, प्रकाश सिंह बैस, सुमीत जैन सहित ठेकेदारो ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को आवेदन देकर सीएमओ प्रमोद शुक्ला, उप अभियंता दीपाली मिश्रा तंबोली के खिलाफ कारवाई की मांग करते हुए,कहा कि दोनो अधिकारियों द्वारा नपा को आर्थिक नुकसान पहुॅचाने की नीयत से निविदा की खुली बिक्री करने की जगह भाजपा से जुड़े ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुॅचाने की नीयत से निर्धारित समय तक किसी को निविदा फार्म नही दिया और नही उस संबंध मे रसीद काटी लेकिन देर रात प्रभारी कर्मचारी को घर बुलाकर रसीद कटवाया है। उन्होंने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को बताया कि ओपन टेंडर फार्म बिक्री से नपा को अतिरिक्त आय होती है लेकिन भाजपाईयों के इशारों पर दोनों अधिकारियों ने नपा की आय को दरकिनार कर अपना स्वार्थ सिद्ध करने पूरी ताकत झोंक दी। सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने कहा कि निविदा फार्म बिक्री को लेकर जब उन्होने सीएमओ से सवाल किया तो जवाब देने की जगह वो भडक गए और उन्हें कमरे से बाहर निकाल दिया। राकेश गुप्ता ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया मे सीएमओ व उप अभिंयता की बदनीयती साफ झलक रही है, क्योकि समय रहते उनके द्वारा किसी को फार्म नही दिया गया। उन्होंने कलेक्टर से पूरे निविदा को निरस्त कर नए सिरे से निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है। वही पता चला है कि स्व. कोमल कोठारी के समय से भाजपा का परचम लहराने वाले व पूर्व जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता से दुर्व्यवहार को लेकर भाजपा नेताओ का एक धड़ा जल्द ही राजधानी मे संगठन के आला नेताओं सहित मंत्रियों से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।

# जिला स्तरीय सेन सावन महोत्सव बेटी-बचाओं, बेटी-पढ़ाओं

राजनांदगांव (दावा)। जिला राजनांदगांव सर्व सेन समाज के तत्वावधान में जिला महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निशा श्रीवास के नेतृत्व में जिले में पहली बार जिलास्तरीय सेन सावन महोत्सव का सफल आयोजन गांधी सभा गृह आडोटोरियम में किया गया। यह भव्य कार्यक्रम की शुरूआत संस्कारधानी शहर की प्रथम नागरिक महापौर हेमा देशमुख जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शेषनारायण शांडिल्य,दुर्ग संभाग अध्यक्ष शिव सेन, वार्ड पार्षद कुलबीर छाबड़ा विशेष अतिथि वैशाली नगर के विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण सेन, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, महामंत्री अनुप श्रीवास,समाज सेवी बिहारी सेन, धन्नु श्रीवास, छुरिया ब्लॉक के विजय भारद्वाज, वि.ही.प.प्रमुख सुनील सेन शामिल हुए। जिला महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निशा श्रीवास ने बताया कि, यहाँ सेन सावन महोत्सव पूर्ण रूप से महिलाओं को समर्पित कार्यक्रम थी। कार्यक्रम की शुरूआत सेन जी महाराज की पूजा अर्चना कर किया गया। यह पहली बार है जब महिला प्रकोष्ठ की अगुवाई में अतिथि सम्मान के बाद समाजिक संगठन को आधारभूत संरचना प्रदान करने वाले पदाधिकारियों की श्रीमतियों और उनके परिजन के साथ प्रतिभावान बालिकाओं, महिलाओं, नारी सशक्तिकरण के रूप में महिला और वरिष्ठजन पदाधिकारी ईश्वर श्रीवास, गणेश कौशिक, मोती श्रीवास एवं शिवकुमार सेन का एक साथ सम्मान किया गया।

**थीम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ**



कार्यक्रम का संचालन ममता सेन और रूमा शांडिल्य ने किया। कार्यक्रम में प्रतिभावान बालिका राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी गरिमा सेन, मेधावी छात्रा सिद्धी सेन, खेल इंडिया खेल में चयनित बालिका दिपांशी सेन और तुरंत चित्रकला बनाने वाले बालक पुरूषोत्तम का सम्मान किया गया। इस महोत्सव में प्रमुख रूप से भजन गायिका दानेश्वरी श्रीवास लखोली द्वारा गणेश वंदना, शिव महिमा और लोकरंग संगीत का गायन किया गया। महिला सशक्तिकरण की मिशाल श्रीमती तरूणा कौशिक जो खुद ही हाथकरघा कला द्वारा बैंग का निर्माण करती है, और समाज के अन्य महिलाओं को भी ट्रेनिंग देकर महिलाओं को मजबूत कर रही है। इन सभी का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दुसरे सत्र में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा शिव स्त्रोत का गान, कविताए, और नृत्य द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिलाओं के द्वारा बेटी बचाओं- बेटी पढ़ाओं, धार्मिक जागरण, और जीवन शैली पर चर्चा किया गया। फिर सावन के झूले का धार्मिक महत्व बताने हुए सभी ने झूले का आनंद लिया और सामुहिक रूप से शिव भजन गाया।

जिला मीडिया संयोजक इन्द्रदीप हीरा सेन ने बताया कि, इस महोत्सव में आये अतिथियों के समक्ष समाज के प्रमुख माँग सेन मंगल भवन निर्माण, चौक का नामंकरण और निधि अनुदान जैसे विषयों पर चर्चा कर त्वरित फैसले लेते हुए महापौर महोदया और पार्षद छाबड़ा जी हर संभव से सहयोग करने की बात कही, और वैशाली नगर विधायक प्रतिनिधि ने 10 लाख का निर्माण सहायता राशि की घोषणा की।

पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष केशरी श्रीवास, सचिव गौरी कौशिक, उप सचिव संतोषी सेन, कोषाध्यक्ष पायल सेन, कार्यकारिणी सदस्य दुर्गा श्रीवास, कांति सेन, लता श्रीवास, और समाज के अशोक श्रीवास, बंटी सेन,मानव सेन का विशेष सहयोग रहा।

# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में विधायक राजेश मूणत करेंगे ध्वजारोहण



मोहला (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में रायपुर नगर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ध्वजारोहण कर, परेड की सलामी लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्टेडियम स्कूल ग्राउंड मोहला में प्रातः 9:00 बजे विधायक मूणत ध्वजारोहण करेंगें। 9:01 बजे राष्ट्रगान होगा। 9:04 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर सलामी लिया जाएगा। 9:15 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की जनता के नाम दिए गए संदेश का वाचन किया जाएगा। 9:41 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जायेगा। 10:06 बजे छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। 10:36 बजे पुरस्कार वितरण किया जायेगा। 11:01 बजे स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का विधिवत समापन होगा।

# तुलसी भारत के ही नहीं विश्व के कवि है- डॉ.राजन यादव

**दिग्विजय में तुलसी जयंती का आयोजन**




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग द्वारा तुलसी जयंती समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर तुलसी की कविताओं का सस्वर पाठ प्रतियोगिता एवं अतिथि व्याख्यान आयोजित की गई। मुख्य वक्ता इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के हिंदी विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता कला संकाय डॉ.राजन यादव ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी लोक के कवि हैं। वे केवल भारत के ही नहीं विश्व के कवि हैं। उनकी रचनाएं विद्वानों से लेकर जन सामान्य में समान रूप से प्रचलित हैं। रामचरितमानस अवधी में लिखी गई किंतु उनका अनुवाद दुनिया के कई भाषाओं में हो चुका है। उन्होंने मानस के अनेक प्रसंगों का सस्वर पाठ भी किया। प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर ने कहा कि रामचरितमानस जैसी रचना लिखकर रामबोला तुलसीदास बने। उनका साहित्य जनमानस में काफी लोकप्रिय हैं। विभागाध्यक्ष डॉ.शंकर मुनि राय ने कहा कि तुलसी की चौपाई की अनुगूंज विद्वानों की गोष्ठी से लेकर खेत खलिहानों तक सुनी जा सकती है। उन्होंने मानस के केवट प्रसंग का सस्वर पाठ भी किया।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.बी.एन.जागृत ने कहा कि तुलसीदास जी को एक भक्त कवि के साथ ही एक साहित्यकार के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। डॉ. प्रवीण साहू ने श्री राम प्राकट्य प्रसंग का पाठ किया। रचना पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नावेश चंद्र, द्वितीय स्थान यादेश्वर साहू एवं तृतीय स्थान मनीष टांडेकर ने प्राप्त किया। इन विजेताओं को पुरस्कार में पुस्तक और प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता डॉ.राजन यादव को विभागीय प्राध्यापक डॉ.प्रवीण साहू द्वारा लिखित पुस्तक भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.नीलम तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम में विभागीय प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## टटेंगा के स्कूली बच्चों ने गांव में भ्रमण कर घर-घर तिरंगा फहराने की अपील की



हरदी (दावा)। घर-घर तिरंगा के तहत प्राथमिक स्कूल, माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी टटेंगा के स्कूली बच्चों ने गांव में भ्रमण कर घर-घर तिरंगा फहराने की अपील की। इस अवसर पर प्राचार्य आर.के.देवांगन, प्रधान पाठक लिखन सरपा, शाला विकास प्रबंधक समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्वशा व शाला के सभी स्टॉफ मौजूद रहे।

# मानपुर में ब्लाक स्तरीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन



मोहला (दावा)। मानपुर में ब्लॉक स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी सहित जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में मानपुर में मुख्य मार्ग में तिरंगा रैली निकाला गया। तिरंगा रैली स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मानपुर से मुख्य चौराहा होते हुए खेल मैदान तक निकाला गया। इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ स्वसहायता समूह की दीदियाँ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन कराया गया। तिरंगा रैली में सभी ने उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता के लिए सहभागिता दी।

भारत माता की जयकारे के साथ तिरंगा रैली में राष्ट्रप्रेम का भाव देखने को मिला। हर घर तिरंगा थीम पर चित्रकारी-पेंटिंग किए साथ ही बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ मानपुर हनिश मोहम्मद सहित नागरिकगण, ब्लॉक अधिकारी, शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भारत सरकार के आदेशानुसार नशा मुक्ति जागरुकता शपथ का आयोजन





राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर मैम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी इकाई 1 प्रो. करुणा रावटे एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई 2 प्रो. संजय सप्तर्षि के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत भारत सरकार के आदेशानुसार नशा मुक्ति शपथ ग्रहण लिया गया और नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक करना था। कार्यक्रम में लगभग 75 स्वयंसेविकाएं और 25 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# ग्राम पदुमतरा में आवास संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पदुमतरा में किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत की टीम ने आवास संगोष्ठी के माध्यम से ग्राम पदुमतरा कलस्टर के ग्रामीणों को आवास की पात्रता और आवास निर्माण के नियम एवं शर्तों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। संगोष्ठी में 2 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया।

आवास संगोष्ठी में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत 95 दिवस का मजदूरी भुगतान और 1 लाख 30 हजार रूपए 4 किस्तों में भुगतान किया जाता है। नये आवास में शौचालय का निर्माण कराना अनिवार्य है। संगोष्ठी में बताया गया कि हितग्राही के नाम पर यदि शौचालय नहीं बना है तो उन्हें 12 हजार रूपए शौचालय निर्माण के लिए प्रदान किया जाता है। भवन निर्माण के लिए भवन का क्षेत्रफल 25 वर्गमीटर या 267 वर्गफुट कम से कम होना चाहिए। भवन में गुनिया के अनुसार दीवार टेढ़ा नहीं होना चाहिए। भवन में ईटों की जुड़ाई सीमेंट मसाले से किया जाना अनिवार्य है। ईट की जुड़ाई के पूर्व ईटों को अच्छी तरह से भीगाकर जोड़ाई किया जाये व जोड़ाई के दौरान ईट की जोड़ाई को सीमेंट मसाले से अच्छी तरह भरा जाना चाहिए। जोड़ाई में अंग्रेजी चाल का पालन करना अनिवार्य है। जमीन से कुर्सी तल की ऊंचाई कम से कम 1.5 फीट या 45 सेन्टीमीटर हो। इसके उपरान्त ही डीपीसी 2 इंच मोटाई का बनाना अनिवार्य है। कॉलम व बीम में 12 एमएम और 8 एमएम (रिंग) की सरिया उपयोग किया जाता है। दरवाजे, खिड़की के उपर 8 इंच मोटा लिंटल बीम डाला जाएगा, जिसमें 10 एमएम की चार सरिया का उपयोग किया जाएगा। रसोई घर में प्लेटफार्म व खिड़की व्यवस्था बनाया जाएगा। दरवाजे की ऊंचाई 7 फीट हो व खिड़की रखना होगा। फर्श में अेस डाल कर ही छत ढलाई के लिये सेंटरिंग किया जाएगा। छत ढलाई के पूर्व सेंटरिंग का कार्य उप अभियंता या तकनीकी मार्गदर्शन में लोहा 10 एमएम व 8 एमएम बांधकर तथा ढलाई किया जाता है। घर के सामने की दीवार के ऊपर प्लास्टर से लोगों बनाना होगा। इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ जनपद पंचायत श्री मनीष साहू, आवास समन्वयक राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही उपस्थित थे।

**पदुमतरा कलस्टर के बड़ी संख्या में शामिल हुए ग्रामीण**

# एडवाइजर दिगम्बर शांडिल्य का मलेशिया में हुआ सम्मान





अंबागढ़ चौकी (दावा)। एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस के एडवाइजर दिगम्बर शांडिल्य को जेओटीसी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान मलेशिया के राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित सम्मेलन में एसबीआई लाईफ के सीईओ व एमडी अमित झिंगरान, जोन डायरेक्टर आर. पांडियन एवम रीजनल डायरेक्टर योगेश शर्मा ने किया। दिगम्बर शांडिल्य का यह तीसरा जेओटीसी अवॉर्ड है। इससे पहले दुबई एवम थाइलैंड में भी इन्हें सम्मान प्राप्त हो चुका हैं। शांडिल्य ने बताया कि देश भर के 4100 लाईफ मित्रों (एडवाइजर) को अलग अलग दो दिन कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने सभी ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर बॉलीवुड के प्रख्यात अभिनेता बोमन ईरानी ने शिरकत कर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को प्रेरक बाते बताई एवं अपने जीवन के संघर्ष को साझा किया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ़ के सभी जोन डायरेक्टर एवम रीजनल डायरेक्टर उपस्थित थे। शांडिल्य के इस उपलब्धि पर डिप्टी आरएम शैलेष श्रीवास्तव, डीएसएम धर्मेंद्र तिवारी, सीनियर मैनेजर गैंदलाल साहू व ब्रांच के समस्त स्टॉफ एवम इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी है।


स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अमित छाबड़ा
नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिका, डोंगरगढ़


स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रवि यादव
अध्यक्ष, शाला विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ढारा


स्वतंत्रता दिवस
की ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
देवदास लहरे युवा महामंत्री, बेलगांव


स्वतंत्रता दिवस
की ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शैलेश अग्रवाल
वरिष्ठ युवा भाजपा नेता, बेलगांव


स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डुमर लाल कंवर, ग्राम प्रमुख, बेलगांव
मुरली गेड़ाम, शत्रुहन बाघसवार, संतोष गिर, फुलचंद द्वारका कंवर
अनमोल कुर्रे एवं समस्त ग्रामवासी बेलगांव.


स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती हर्षिता बघेल
विधायक, डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र


स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विष्णु लोधी
प्रदेश कोषाध्यक्ष लोधी समाज एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता
लोधी पेट्रोलियम, जेल रोड, डोंगरगढ़


स्वतंत्रता दिवस
एवं तिरंगा पर्व
की देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पी आर जुरेशिया
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डोंगरगढ़
डी आर नागपुरे
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डोंगरगढ़(शहर)
योगेश कुमार शर्मा
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, मेढ़ा
पंचराम कोसा
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, लाल नगर
रामकुमार यादव
पर्यवेक्षक
मेढ़ा
ईश्वर श्रीवास
प्रदेश महासचिव, संयुक्त जिलाध्यक्ष
सहकारी समिति कर्मचारी संघ
हरिराम सिन्हा
समिति प्रबंधक, मुढ़ीपार
ऐतराम जंघेल
समिति प्रबंधक, बेलगांव
भीखम जैन
समिति प्रबंधक, पनियाजोब
नीलकंठ साहू
समिति प्रबंधक, बागरेकसा
हीरा मंडावी
समिति प्रबंधक, चारभाठा
गणेश वर्मा
समिति प्रबंधक, मुसरा
केशव मंडावी
समिति प्रबंधक, मड़ियान
संतोष वर्मा
समिति प्रबंधक, मोहारा
टिकेन्द्र साहू
समिति प्रबंधक, लालूटोला
हेमलाल ठाकुर
समिति प्रबंधक, लालबहादुर नगर
मारोती कोचे
समिति प्रबंधक, ढारा
घनश्याम टंडन
समिति प्रबंधक, ठाकुरटोला
कुंवरलाल
समिति प्रबंधक, मंडारपुर(खै)
गोपी महोबिया
समिति प्रबंधक, अछोली
यादव राम अहिर
समिति प्रबंधक, कोलिहापुरी(नवा)
शुभेच्छु - जिले के समस्त किसान भाई...


स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विजय राज चौहान
अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, डोंगरगढ़


स्वतंत्रता दिवस
की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती त्रिवेणी वर्मा
जनपद सदस्य, बेलगांव क्षेत्र
राजू वर्मा
जनपद सदस्य प्रतिनिधि, बेलगांव क्षेत्र


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ग्राम
पंचायत मेढ़ा
रोहित मंडावी
सरपंच मेढ़ा
हृदय मंडावी
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
शुभेच्छु - समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत, मेढ़ा

# आज आज़ादी के 78वां स्वतंत्रता दिवस की बिखरेंगी खुशियां

**○ जगह-जगह लहराएगा तिरंगा, गाए जाएंगे राष्ट्र गीत व राष्ट्र गान**
**○ स्कूल कालेजों सहित अन्य स्थानों पर होंगे सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति पूर्ण कार्यक्रम**

राजनांदगांव (दावा)। आज 15 अगस्त गुरुवार को शहर सहित पूरे अंचल भर में देश के आजादी की 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। शहर स्थित जिला मुख्यालय में मुख्य अतिथि के हाथों राष्ट्र ध्वज तिरंगा पूरे शानो-शौकत से फहराया जाएगा। इस दौरान तिरंगे को सलामी दी जाएगी व मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक व राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम किए जाएंगे। इस दौरान आजादी की 77वीं वर्षगांठ की खुशियां चहुंओर बिखरी दिखाई देगी।

आज पंद्रह अगस्त को शहर सहित पूरे अंचल भर के स्कूल-कालेजों सहित शासकीय कार्यालयों व विभिन्न संस्था-संगठनों के भवनों में भी राष्ट्रध्वज तिरंगा जन-मन-गान के साथ फहराया जाएगा और आजादी की खुशी में लोगों में लड्डू बांटे जाएंगे तथा एक-दूसरे से मिल कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी जाएगी। आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित राष्ट्र भक्ति से ओत- प्रोत कार्यक्रमों की धूम रहेंगी।

### जगह-जगह लहराएगा तिरंगा

आज गुरुवार 15 अगस्त को जिला मुख्यालय का मुख्य कार्यक्रम पीटीएस ग्राउंड में संपन्न होगा, वहीं नगर निगम के अलावा कलेक्ट्रेट सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में भी तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। शहर के राम दरबार चौक समीप स्थित प्रेस क्लब भवन में भी आज प्रातः झंडारोहण का आयोजन किया गया है।

### गायत्री शक्तिपीठ में झंडारोहण

शहर के पोस्ट आफिस चौक नेताजी सुभाष द्वार समीप स्थित नव निर्माणाधीन गायत्री शक्तिपीठ व गायत्री गुरुकुल शिक्षण संस्थान में मुख्य अतिथि के हाथों प्रातः 9,30 बजे राष्ट्रध्वज तिरंगा धूमधाम के साथ फहराया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए शक्तिपीठ के व्यवस्थापक ओम प्रकाश ने समस्त गायत्री परिजनों व राष्ट्रभक्त जनों अधिकाधिक संख्या में झंडारोहण कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# क्षेत्रीय विधायक ने जालबांधा में महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण किया एवं संविधान यात्रा में शामिल हुई



खैरागढ़ (दावा)। जालबांधा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा की उपस्थिति में व जिला एवं ब्लाक के पदाधिकारी एवं युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक, बूथ, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारिगणों की उपस्थिति में संविधान यात्रा का आयोजन हुआ ।

जालबंधा में बतौर मुख्य अतिथि खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने महात्मा गांधी के मूर्ति का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया।। संविधान यात्रा में कांग्रेसियों से लोगों को यात्रा के माध्यम से संविधान के महत्त्व को बताया।।इस दौरान विधायक ने ग्राम जालबांधा में विकास कार्यो के लिए 5 लाख रूपये की कांक्रीटीकरण व 2 लाख रूपये की यात्री प्रतीक्षालय के लिए घोषणा किए।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे राष्ट्रपिता है और उनके सिद्धांतों ने हमें स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण करना हमारे लिए गर्व की बात है और हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया और महात्मा गांधी की मूर्ति के अनावरण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आकाश दीप सिंह गोल्डी, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भिखमचंद छाजेड़, छुईखदान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, विधायक प्रतिनिधि यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू', नदीम मेमन, दिलीप महोबिया, जनपद सदस्य हिमाचल राजपूत, नरेन्द्र सेन, अशोक जंघेल, संजय महोबिया, सरपंच जालबांधा दीनदयाल सिंहा 'दीनू', गैंदालाल कुरे, शिव वर्मा, राजा सोलंकी, कन्हैया रजक, राजेन्द्र वर्मा, रिंकू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें...

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने ली तिरंगा प्रतिज्ञा




राजनांदगांव (दावा)। भारतीय ध्वज तिरंगा के गौरव को संवर्धित करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 9 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' के तारतम्य में आज दिनांक 13 अगस्त को मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने तिरंगा प्रतिज्ञा लिया एवं राष्ट्रीय ध्वज के साथ तिरंगा रैली संस्था परिसर से ग्राम पेन्ड्री तक निकाली गई जिसमें 55 स्वयंसेवको एवं अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन मोनिका दास कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्राचार्य डॉ. एमके चौबे के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### बजरंग सेना द्वारा झंडा वितरण कार्यक्रम

राजनांदगाँव(दावा)। बजरंग सेना राजनांदगांव जिला एवं शहर संगठन के सदस्यों द्वारा हर घर तिरंगा के अंतर्गत मानव मंदिर चौक एवं जमात पारा गुरुद्वारा के पास निःशुल्क तिरंगा झंडा वितरण किया गया। जिसमे बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे एवं राजू वर्मा, वैंकेटस राव, महेश मोहबे, ढालेश वैष्णव, रूपेन्द्र साहू, राजकमल ध्रुव, गितेश गुप्ता, सहित सभी जिला एवम शहर के सदस्य उपस्थित थे।

### आज युगांतर में लहराएगा तिरंगा

राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में आज 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण युगांतर के पूर्व विद्यार्थी डॉ केयुरा जैन एमडीएस पेडियाट्रिक डेन्टरिस्ट्री किड्स डेन्टल स्पेशलिस्ट तथा डॉ शेफालिका उमरे एमबीबीएस, एमडी पैथोलॉजी के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 8 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट और देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी रखा गया है। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए सादर आमंत्रित किया है।

### भव्य तिरंगा रैली का शानदार दूसरा वर्ष



राजनांदगाँव (दावा)। आपको बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जा रहा है कि आज भव्य तिरंगा रैली मोतीपुर, रविदास नगरवासियों द्वारा निकाली जा रही है। आज दिनांक 15 अगस्त दिन गुरूवार, सुबह 10 बजे से, मोतीपुर, रविदास नगर से शहर भ्रमण करते हुए गौरव स्थल में समापन व समिति द्वारा लड्डू वितरण भी किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष शैलेष ठावरे ने जिलेवासियों से यह अपील कि अधिक से अधिक इस यात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम में व देशप्रेम में बढ़-चढ़ के योगदान दे ।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान राजनांदगांव द्वारा बसंतपुर प्रशिक्षण केंद्र में तिरंगा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशाल रैली भी निकाली गई तथा मोहल्लेवासी लोगो को तिरंगा झंडा बांटा गया। इसके पहले प्रशिक्षण भवन में आयोजित कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक झालम सिंह ने तिरंगे झंडे के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्रह्माकुमारी रंभा बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम शारीरिक रूप से स्वतंत्र तो हो गए लेकिन मानसिक रूप से माया के आज भी गुलाम है। परमात्मा शिव के द्वारा सिखाए गए राजयोग का अभ्यास करके हम माया के गुलामी से मुक्त हो सकते है। इस अवसर पर सफल लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में बी के टोमिन बहन जी भागवत कुंभकार ओंकार प्रसाद पार्वती यादव सहित 60 लाभार्थी उपस्थित थे ।

# विप्र फाउंडेशन चैप्टर 13 राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने ली शपथ




राजनांदगांव (दावा)। विप्र फाउंडेशन चैप्टर 13 के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी ने एलिगेंट कॉलेज मोतीनाथ मंदिर परिसर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार शाम 4 बजे हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष कचरू प्रसाद शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

अशोक जोशी ने अपने संबोधन में कहा, 'यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम विप्र समाज के विकास और उन्नति के लिए काम करेंगे। हमारी टीम समर्पित है और हम सभी मिलकर समाज के हित में कार्य करेंगे।÷ उन्होंने इस मौके पर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी और कहा कि हम सबका सहयोग मिलकर ही संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माँ की पूजा और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने किया। विप्र फाउंडेशन राजनांदगांव के 2024-26 सत्र के लिए यह कार्यकारिणी गठित की गई है।

**मार्गदर्शक मंडल**

1. कचरू प्रसाद शर्मा, 2. हेमंत तिवारी, 3. पुरषोत्तम तिवारी,

**संरक्षक मंडल**

1. नत्थू लाल शर्मा, 2. हनुमान प्रसाद शर्मा, 3. राजकुमार शर्मा, 4. दशरथ शर्मा, महेश शर्मा, 6. सुरेश जी हट्टीका 7. श्री शिव शंकर जी जोशी 8. श्री राजकुमार शर्मा जी,

पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष श्री अशोक जोशी, उपाध्यक्ष = श्री चंद्रशेखर शर्मा, सचिव = श्री जितेंद्र शर्मा (पूर्व पार्षद), सह सचिव= श्री रामावतार जोशी

कार्यकारिणी सदस्य 1.श्री सुमित शर्मा 2. श्री आनंद जोशी 3. श्री बद्री प्रसाद शर्मा 4. श्री मयंक शर्मा 5. श्री गोविंद जोशी 6. श्री राजेश शर्मा राजू 7. श्री जितेंद्र (जीतू) शर्मा 8. श्री संतोष पुरोहित 9. श्री मनोज पटाक 10. श्री राकेश शर्मा

इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने और समाज की सेवा में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# दिग्विजय कॉलेज में दो दिवसीय सिकलसेल अनेमिया परीक्षण शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में दो दिवसीय सिकलसेल अनेमिया परीक्षण शिविर एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण के पंजीयन किए गये। यह कार्यक्रम यूथरेड क्रॉस सोसाइटी तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न करवाया गया जिसमे राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत शहरी ए.एन.एम. श्रीमती सरिता निषाद एवं उनकी टीम ने सफलता पूर्वक लगभग एक हज़ार विद्यार्थियों का सिकलसेल परीक्षण किया। प्रत्यक दिन यह शिविर सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ। जाँच के साथ साथ विद्यार्थियों में इसके प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से उनके इससे जुड़ी अन्य जानकारी रेड क्रॉस संयोजिका सुश्री वंदना मिश्रा द्वारा दी गई। इस सफल आयोजन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग से आयी टीम के सराहना करते हुए भविष्य में विद्यार्थी हित में इस तरह के अन्य स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में सहयोग देने की बात कही। यह कार्यक्रम प्राचार्य मोहोदया के निर्देशन एवं उसके हर पहलू में सहयोग से संपन्न हो पाया। कार्यक्रम के सफल क्रियांवन में रेड क्रॉस सोसाइटी संयोजिका सुश्री वंदना मिश्रा, डॉ. प्रियंका सिंह, शरद तिवारी, लिकेश्वर सिन्हा समेत स्वास्थ्य विभाग से आयी टीम की मुख्य भूमिका रही।

# उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 'छत्तीसगढ़ का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक इतिहास' पुस्तक का किया विमोचन




रायपुर (दावा)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शिक्षिका डॉ. सरिता साहू द्वारा लिखित पुस्तक 'छत्तीसगढ़ का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक इतिहास' का विमोचन किया। उन्होंने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में इसका विमोचन किया। वर्तमान में इतिहास लेखन की एक नई विधि मौखिक परंपरा से इतिहास लेखन की पद्धति से इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक इतिहास को लिपिबद्ध किया गया है।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि समाज की बेटी डॉ. सरिता साहू ने छत्तीसगढ़ के इतिहास पर कई किताबें लिखी हैं। इस तरह की प्रतिभाओं को प्रदेश और देश की प्रतिभा बनाने की महती जिम्मेदारी साहू समाज की है। विधायक सर्वश्री भोलाराम साहू, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, इंद्र कुमार साहू, रोहित साहू, संदीप साहू, मोती लाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू और उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी तथा अधिकारी-कर्मचारी पुस्तक के विमोचन के दौरान मौजूद थे।

पेशे से शिक्षिका भिलाई की डॉ. सरिता साहू ने छत्तीसगढ़ के इतिहास के विविध पहलुओं पर अब तक कुल 14 किताबें लिखी हैं। ओड़ जाति की ऐतिहासिक और प्रचलित लोककथाओं पर आधारित उनकी पुस्तक 'ओड़ जाति की लोककथाएं' को दुर्ग स्थित शासकीय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की एम.ए.-हिन्दी और एम.ए.-छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम में संदर्भ पुस्तक के रूप में शामिल किया गया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में डॉ. सरिता साहू को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शारदा तिवारी के नेतृत्व में राजीव नगर में निकली संविधान यात्रा



**तिरंगा झंडा लेकर कांग्रेसी पार्षद शास्त्री ने निकाली प्रभात फेरी**

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश भर में वार्ड नं बूथ स्तरपर प्रभात फेरी संविधान यात्रा का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला में राजीव नगर में बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती शारदा तिवारी के नेतृत्व में वार्ड और बूथ स्तर पर प्रभात फेरी सहित संविधान यात्रा भी निकाली गई। नगर निगम के कांग्रेस पार्षद दल प्रवक्ता एवं राजीव नगर के पार्षद ऋषि शास्त्री ने भी सुबह 7 बजे वार्ड के कांग्रेस जन तथा समर्थकों के साथ हाथ मे तिरंगा झंडा लिए महात्मा गांधी के तैलचित्र और संविधान की पुस्तक रख पुष्प भेंट कर यात्रा का प्रारंभ किया।

पदयात्रा वार्ड क्रमांक 42 से होते हुए वार्ड क्रमांक 43 पहुची जहां से कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री शारदा तिवारी ने यात्रा की अगुवाई करते हुए महात्मा गांधी का प्रिय भजन-रघुपति राघव राजा राम का गान करते हुए संविधान रक्षा और देश की आजादी में शहीद क्रातिकारियों का पूण्य स्मरण किया।

पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि संविधान कि रक्षा की प्रतिज्ञा को लेकर स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार एवं शहर जिला अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के निर्देशन पर दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने संविधान यात्रा को सफल बनाने को लेकर वार्ड और बूथ स्तर में प्रभारी नियक्त किये जहां वार्ड क्रमांक 42 और 43 में बिसाहिन यादव, मन्ना यादव को दायित्व सौंपा गया वही पार्षद एवं बूथ अध्यक्ष को भी जिम्मेदारी सौपी गई है। कार्यक्रम में उमाशंकर सारथी, हनाराम मोहिते, प्रेमु निषाद, दिनेश मेश्राम, विष्णु साहू, दिनेश शर्मा, जगन्नाथ यादव, प्रेम यादव, रमेश यादव, शत्रुघ्न साहू, हिमांशु नागवंशी, प्रीतम मरकाम सहित बड़ी संख्या में वार्ड के लोग सम्मिलित हुए।

# सफाई निरीक्षण में आज स्वतंत्रता दिवस में शहर की समुचित सफाई करने आयुक्त ने दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सफाई निरीक्षण की कडी में आज प्रातः वार्ड नं. 38,39 व 40 के गांधी चौक, दुर्गा चौक, बासपाईपारा, सागरपारा क्षेत्र में घुमकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉच कर सभी कर्मचारी उपस्थित रहने, बिना कारण व स्वीकृति के छुटटी नही लेने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी कर्मचारी अपने अपने क्षेत्र में निर्धारित समय तक सफाई करना सुनिश्चित करेगे। कल स्वतंत्रता दिवस पर चौक चौराहो की समुचित सफाई कर कचरा उठावे तथा चुना लाईन डाले। घर वालों एवं दुकानदारों से कचरा संग्रहण गाडी में कचरा डालने समझाईस देवे, नाली या उसके आस पास कचरा डालने पर संबंधित से जुर्माना वसूले। सागरपारा एसएलआरएम सेन्टर निरीक्षण कर आयुक्त ने सेन्टर प्रभारी से स्वच्छता दीदीयों की जानकारी लेकर कहा कि सभी स्वच्छता दीदी समय पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने निकले और घर में ही कचरा पृथक करने समझाईस देवे तथा घर व व्यवसायिक अलग अलग निर्धारित दर पर सतप्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बासपाई पारा में नाला निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य में तेजी लाकर पूर्ण करने तथा कलवट का काम शीघ्र चालू कराने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके से कहा। उन्होंने कहा कि संबंधित वार्डो के सभी स्वीकृत कार्य प्रारंभ करावे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुर्गा चौक, गांधी चौक क्षेत्र के बड़े बिल्डिंगों तथा दुकानों का जायजा लेकर डिमाण्ड से मिलान किये तथा असमानता पाये जाने पर राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन से कहा कि शासन के निर्धारित मापदण्ड व दर के आधार पर डिमाण्ड तैयार करें तथा उसके अनुसार सभी वसूली प्रभारी वसूली करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कई घरो व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के ऐरिया एवं डिमाण्ड में भिन्नता है, जिसके कारण लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही हो पा रही है, यह गंभीर मसला है। उन्होंने राजस्व अधिकारी से कहा कि भौतिक सत्यापन कर सही डिमाण्ड तैयार कर डिमाण्ड के अनुरूप वसूली करावे, अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावेगी, वसूली हेतु टीम गठित करें। उन्होंने दुर्गा चौक स्थित अरिहंत ज्वेलर्स व अतिशय ज्वेलर्स के संचालक द्वारा करों का भुगतान नहीं करने पर उन्हें नोटिस जारी करने कहा, नोटिस उपरांत भी उनके द्वारा राशि जमा नहीं करने पर दुकाने सील करने राजस्व अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन करदाताओं के द्वारा करो का भुगतान नही किया जा रहा है उनका नल विच्छेदन एवं दुकाने सील करने की कार्यवाही करे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, उप अभियंता तिलक राज ध्रुव व सुश्री आयुषी सिंह स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी तथा स्वास्थ्य व राजस्व अमला उपस्थित था।

# साहू समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली में डॉ. कॉन्डे सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनांक 09.08.2024 को नई दिल्ली में आयोजित साहू (तेली) समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रख्यात समाज सेवी, राष्ट्र हेतु संघर्ष करने वाले एवं कानून में एल.एल.एम.तथा कानून के उच्चतम शोधार्थी संविधान रक्षा सम्मान से सम्मानित अधिवक्ता डॉ.आर.एल.कॉन्डे को भारतीय संविधान प्रदत्त कर सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि, अधिवक्ता डॉ. कॉन्डे आरक्षण एवं सामाजिक न्याय में पी.एच.डी करने वाले प्रथम शोधार्थी है। तथा संविधान समीक्षा के विरूद्ध दिल्ली में आंदोलन कर और केन्द्र सरकार तथा सुप्रीम कोर्ट को 14 अप्रैल 1998 को 10 पृष्ठ का जवाब देकर संविधान समीक्षा रोकने हेतु अहम् भूमिका अदा किया है। पाकिस्तान के आई.एस.आई. तथा अफगानिस्तान के तालिबान द्वारा बुद्ध प्रतिमा मर्दन के विरूद्ध आवाज उठाने वाले संसार के पहले व्यक्ति है। आप गरीब बच्चों को राजनांदगांव के बाबूटोला वार्ड नं.1 में विगत 29 वर्षों से डॉ. आम्बेडकर एकेडमी द्वारा गुरू घासी दास के नाम पर निःशुल्क संचालित शाला में अध्यायपन कार्य करा रहे है। जो अपने आप में एक प्रेरणा दायक कार्य है। जिसमें आपने करोड़ो रूपया खर्च कर चुके है।



# स्वतंत्रता दिवस एवं तिरंगा पर्व

की देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



रामजी भारती
प्रदेश भाजपा महामंत्री
एवं पूर्व विधायक, डोंगरगढ़



रविन्द्र अग्रवाल
वरिष्ठ जनपद सदस्य




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पिताम्बर सिन्हा<br>सरपंच, धुसेरा | प्रीति बाला साहू<br>सरपंच, कुर्रूभाठ | क्षत्री वर्मा<br>सरपंच, नागतराई | राधिका कंवर<br>सरपंच, जटकन्हार | जसबीर सिंग चौहान<br>सरपंच, अण्डी |

शुभेच्छुः- लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के समस्त भाजपा कार्यकर्तागण एवं मतदातागण...

# स्वतंत्रता दिवस

की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



एक शुभचिंतक, डोंगरगढ़

# स्वतंत्रता दिवस

की जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## थाना डोंगरगढ़

## थाना बोरतलाव

## थाना बागनदी

## पुलिस चौकी चिचोला

## पुलिस चौकी मोहारा

# स्वतंत्रता दिवस

की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## आबकारी विभाग

बेलगांव, मुढ़ीपार, बोरतलाव

# स्वतंत्रता दिवस

की जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

JU-JITSU ASSOCIATION CHHATTISGARH ®

शुभेच्छुः-
जुजित्सी एसोसिएशन ऑफ
राजनांदगांव

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार व प्राण घातक हमले, सनातन धर्मियों का फूटा गुस्सा

**कल विहिप सहित हिंदू संगठनों की शहर में निकलेगी विशाल जन आक्रोश रैली, सौंपे जाएंगे ज्ञापन**




राजनांदगांव (दावा)। भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार व प्राण घातक हमले को लेकर समस्त हिन्दू समाज काफी उद्विग्न एवं आक्रोश में है। इसके विरोध में कल 16 अगस्त शुक्रवार को विहिप एवं समस्त हिंदू संगठनों द्वारा शहर में विशाल हिंदू जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है। शहर सहित प्रदेश स्तरीय होने जा रहे उक्त जन आक्रोश रैली का प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस संबंध में ली गई प्रेस वार्ता में सर्व हिंदू समाज के संयोजक नीरज बाजपेई ने बताया कि कल 16 अगस्त को शहर में निकाली जाने वाली विशाल हिंदू जन आक्रोश रैली शुक्रवार को 12 बजे महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे से शुरुआत होगी। इसके बाद इस विशाल रैली का नगर भ्रमण किया जाएगा। रैली महावीर चौक से मानव मंदिर चौक, दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना, सदर बाजार, भारत माता चौक, हलवाई लाइन, गुड़ाखु लाइन होते हुए वापस दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक पहुंचेगी।

### सौंपे जाएंगे ज्ञापन

जिला संयोजक नीरज बाजपेई ने बताया कि उक्त जन आक्रोश रैली के पश्चात देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

ज्ञापन का विषय, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और धार्मिक स्थलों को हो रही क्षति को रोकना बताया गया है। कहा गया है कि हाल ही के दिनों में बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन में अस्थिरता के चलते वहां हिंसक आंदोलन के रूप में सामने आया। इस आंदोलन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पदच्युत कर दिया गया और इसके पश्चात् देश में जिहादियों द्वारा एक हिंसक तांडव किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से हिंदू जनसंख्या और हिंदू तीर्थ स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। इससे भारत में आम जनता, विशेषकर हिंदू समुदाय में, गहरा आक्रोश व्याप्त है। विश्व हिंदू परिषद, हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करते हुए, आपसे विनम्र निवेदन करता है कि बांग्लादेश में स्थिर सरकार की स्थापना के लिए भारत सरकार ठोस कदम उठाए और वहां पर हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक उपाय करे।

साथ ही कहा गया है कि बांग्लादेश में वर्तमान में लगभग सवा करोड़ हिंदू जनसंख्या है और बड़ी संख्या में हिंदू तीर्थ स्थल भी हैं। सोशल मीडिया से प्राप्त विभिन्न वीडियो और समाचारों के अनुसार, वहां पर निरंतर हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं। मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है और बड़ी संख्या में नरसंहार भी हो रहे हैं। विद्रोहियों और जिहादियों द्वारा हिंदू तीर्थ स्थलों और मंदिरों को भी अपूरणीय क्षति पहुंचाई जा रही है, जो कि भारत में सौहार्द्र के वातावरण के लिए अनुकूल नहीं है। अतः वहां के हिंदुओं और हिंदू तीर्थ स्थलों एवं मंदिरों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाई जाए और जो भी राजनयिक एवं प्रशासनिक प्रयास किए जा सकते हैं, उन्हें अतिशीघ्र अंजाम तक पहुंचाई जाए। बांग्लादेश में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र अध्ययन के लिए जाते हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी है। उनकी सकुशल वापसी के मार्ग तैयार करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान की जाए।

### बांग्लादेशी घुसपैठिएं बाहर हो

ज्ञापन में कहा गया है कि भारत में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए घुस आए हैं, इन्हें भी बांग्लादेश वापसी के प्रयास किए जाएं। भारत में म्यांमार से बांग्लादेश के रास्ते बड़ी संख्या में रोहिंग्या घुसपैठियों ने भी प्रवेश किया है, जो कि यहां के सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए घातक है। जिसके लिए कहा गया है रोहिंग्या मुसलमानों को भी यहां से वापसी का मार्ग दिखाया जाए। बहरहाल कल 16 अगस्त शुक्रवार को शहर के महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे से निकलने वाली विशाल हिंदू जन आक्रौश रैली में लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

## हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में दुर्ग में उग्र आक्रोश रैली



राजनांदगांव (दावा)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे प्राण घातक हमले व अत्याचार के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश सर्व सनातन हिंदू समाज द्वारा शहीद चौक दुर्ग में विशाल उग्र आक्रोश रैली निकाली गई। जिसमे बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार नरसंहार पर सनातनी विरोध का उग्र स्वरूप देखने को मिला। हिंदू संगठनों द्वारा आक्रोश व्यक्त करते निकाली गई रैली के पश्चात कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म महासभा अरुण मिश्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी संयोजक देवेश मिश्रा व अधिक संख्या में छत्तीसगढ़ के प्रदेश के सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देशन में 24 घंटे के भीतर जामा मस्जिद खैरागढ़ में हुए चोरी की घटना में मिली बडी सफलता




खैरागढ़ (दावा)। जामा मस्जिद में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले मुस्लिम समाज का ही युवक निकला। जामा मस्जिद के सदर अरशद हुसैन पिता महरूम मुस्तफा हुसैन उम्र 60 वर्ष निवासी खैरागढ़ ने मंगलवार 13 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोमवार 12/13 अगस्त की मध्य रात्रि 02:00 बजे से 04:00 के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति जामा मस्जिद अंदर घुसकर कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर रखे आलमारी का ताला तोड़ कर नगदी रकम करीब 42500 रु एवं सीसीटीवी का रिसीवर को चोरी कर ले गया है, कि रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में अपराध क्रमांक 324/ 2024 धारा 331(4), 305 भा.न्याय.स. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिसके संबध में केसीजी जिले के पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) जिला केसीजी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डे (रा. पु.से.) तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले (रा. पु. से.) के द्वारा मामले की गंभीरता की देखते हुए, त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी गई मशरूका को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने थाना प्रभारी खैरागढ़ एवं सायबर सेल प्रभारी को दिशा निर्देश दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे एवं सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आसपास स्थित सीसीटीवी फुटेज एवं व्यक्तियों से पूछताछ किया गया पश्चात संदेश के आधार पर याशर उर्फ शेरा खान नियाजी को हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में पूछताछ किया गया। जो शुरुआत में गोलमोल बात कर पुलिस को गुमराह करता रहा, जिसे मनोवैज्ञानिक ढंग से कडाई से पूछताछ करने पर संदेही याशर उर्फ शेरा खान नियाजी ने मस्जिद के ऑफिस अंदर आलमारी का ताला तोड़कर दानपेटी एवं लॉकर से सिक्का एवं नोट मिलाकर 9265 रु तथा सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन अनुसार चोरी गई 9265 रु तथा सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है। आरोपी याशर उर्फ शेरा खान नियाजी पिता यूनुस खान नियाजी उम्र 27 वर्ष निवासी गोल बाजार थाना खैरागढ़ जिला केसीजी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से बुधवार 14 अगस्त को विधिवत गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

संपूर्ण कार्यवाही मे उप निरी. बिलकिस बेगम, सउनि टैलेश सिंह, प्र.आर. कमलेश श्रीवास्तव, आर. चन्द्र विजय, आर. त्रिभुवन यदु, आर. शिव लाल वर्मा, आर. प्रदीप यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का पत्रकारों ने किया बहिष्कार

अंबागढ़ चौकी (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिला प्रशासन की ओर से कराए जा रहे विभिन्न आयोजन का जिला पत्रकार संघ एमएमसी विरोध करते हुये कार्यक्रम में सम्मलित नही होने का निर्णय लिया है। पूर्व में भी जिला प्रशासन की ओर से कराए गए कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा जिले के पत्रकारों का उपेक्षा किया गया है जिससे जिला प्रेस क्लब आहत और अपमानित महसूस कर रहा है। जिसके वजह से स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा कराए जा कार्यक्रम में सम्मलित न होने व जिला प्रशासन द्वारा कराये जा रहे कार्यक्रम का कवरेज व जारी प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन न करने का निर्णय लिया गया है।

मोहला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला में पत्रकारों ने जिला प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया है और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। दरअसल जिला प्रशासन द्वारा 15 अगस्त को जिला मुख्यालय मोहला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए जिला प्रशासन द्वारा आमंत्रण कार्ड छपवाया गया है। वही जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, प्रतिष्ठित व्यापारियों को आमंत्रण पत्र उन तक ससम्मान प्रेषित किया गया है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा जिले के पत्रकारों को आमंत्रण पत्र नही दिया गया है। जिला प्रशासन मोहला मानपुर के पीआरओ के द्वारा व्हाट्स ऐप ग्रुप में आमंत्रण पत्र प्रेषित कर कार्ड कार्यालय से संग्रह करने कहा गया,जिससे जिले के पत्रकार गण भड़क गए और अपने आपको अपमानित महसूस करने लगे। जिसके बाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष एनिशपुरी गोस्वामी के निर्देश के बाद जिले के पत्रकारों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह पर होने वाले कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया है। जिले के पत्रकार कार्यकम में ना ही समिल्लित होंगे और ना ही कार्यक्रम से संबंधित पीआरओ से प्राप्त खबरों का प्रकाशन करेंगे। यह पहला मौका नहीं है जब जिले के पत्रकारों से जिला प्रशासन भेद भाव कर रहा है। इससे पहले भी जिला प्रशासन द्वारा जिले के पत्रकारों की अनदेखी की जा चुकी है। जिला मुख्यालय मोहला में अयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक राजेश मुड़त ध्वजारोहण करेंगे।

## नागपूरे बने जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष



ठेलकाडीह (दावा)। राजनादगांव ब्लॉक के सहसपुर दल्ली पंचायत के ग्राम कलकसा निवासी संतराम नागपुरे को सहसपुर दल्ली हाईस्कूल में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष बनाया गया। संतराम नागपूरे शुरू से ही राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए हैं पिछले पंचवर्षीय ग्राम पंचायत सहसपुर के सरपंच रह चुके हैं। पूर्व में भी नागपूरे जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस बार फिर उन्हें जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया, अध्यक्ष बनने पर नागपूरे ने कहा कि वे हमेशा स्कूल की मूलभूत सुविधाओं एव शिक्षा में गुणवत्ता लाना उनकी पहली प्राथमिकताएं हैं। इसके अलावा धौराभाठा रवि वर्मा , पदुमतरा स्कूल राकेश साहू, रेंगाकठेरा अशोक सिन्हा, तिलई स्कूल राजेश्वरी साहू, मासूल रामदास कोसरे को जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

# बाबा चंद्रमोलेश्वर की पालकी यात्रा कल बोदेला सिवानीखुर्द व पेटेश्री में

तुमडीबोड़ (दावा)। महाकाल की पालकी यात्रा कल 16 अगस्त शुक्रवार को बोदेला, सिवानीखुर्द व पेटेश्री में होगा। जिसे लेकर पंचायत व अंचल वासियों में उत्साह का माहौल है। महाकाल के पालकी यात्रा के साथ में आर्केस्ट्रा राउत नाचा झांकी अखाड़ा अघोरी ग्रुप पंथी नृत्य महाकाल सेना सिंघोला व राजनंदगांव की झांझ मंजीरा व डमरू की टीम पालकी यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह यात्रा दोपहर में ग्राम पेटेश्री श्री राम मंदिर से प्रारंभ होगी जो प्रसादी वितरण करते हुए ग्राम बोदेला में प्रवेश करेगी वह इस दौरान भी शोभायात्रा ग्राम बोदेला से सिवनी खुर्द के लिए प्रवेश करेगी जहां पालकी शीतला मंदिर होते हुए ग्राम भ्रमण करेगी शोभायात्रा सिवनी खुर्द से आगे बढ़कर ग्राम बोदेला मिडिल स्कूल मैदान में संपन्न होगा जहां भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

इस यात्रा में महाकाल मंदिर सिंघोला से विशेष रूप से पवन डागा, राजू डागा उपस्थित रहेंगे। महाकाल के भक्तों ने अंचल के लोगों से शोभायात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य के भागीदार बनने की अपील की है।

# निविदा वितरण में अनियमितता, भाजपा नेताओं के इशारे पर नाच रहे अधिकारी



खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद द्वारा पंद्रहवे वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत कामो का टेंडर फार्म इच्छुक ठेकेदारों को ना देकर भाजपा द्वारा चहेतो को बांटने का आरोप गलाते हुए विधायक यशोदा वर्मा ने पूरी प्रकिया निरस्त करने की मांग की है। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि शहर के सभी बीस वार्डो मे विकासपरक निर्माण कार्यो को लेकर पंद्रहवे वित्त से स्वीकृत दो करोड़ रूपयों से ऊपर की राशि का बंदरबांट करने भाजपा के इशारे पर जिम्मेदार अधिकारियो ने निर्धारित तिथि 13 अगस्त को पांच बजे तक किसी को टेंडर फार्म नही दिया। इच्छुक ठेकेदार वहॉ निविदा फार्म लेने घंटो खड़े रहे लेकिन अधिकारी गोलमोल जवाब देकर टालमटोल करते रहे।

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि उनकी जानकारी अनुसार निर्धारित समय तक किसी को निविदा फार्म नही दिया गया और नही रसीद काटी गई लेकिन देर रात सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने कर्मचारी को अपने बंगले मे बुलाकर पहले फोन बंद कराया और दबाव बनाकर भाजपा नेताओ के कहे अनुसार रसीद कटवाई है। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार करने को लालायित भाजपा नेता पैसा कमाने किसी भी हद तक जा सकते है। गले तक भ्रष्टाचार मे डूबी भाजपा खुद को कार्यकर्ताओ की पार्टी बताती है लेकिन जब पैसे के बंदरबांट मे उनकी पार्टी का वरिष्ठ साथी सवाल उठाता है तो सरे राह उसकी बेइज्जती करने कराने से बाज नही आते। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक माणिकलाल गुप्ता के पुत्र राकेश गुप्ता जिन्हे सांसद संतोष पांडेय ने नपा मे अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है वो जब निविदा फार्म लेने देने को लेकर जानकारी लेने जाते है तो सीएमओ बुरी तरह दुर्व्यवहार कर कमरे से बाहर निकाल देते है। घटना को शर्मनाक बताते हुए विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि मामले मे सीएमओ की भूमिका काफी संदिग्ध है जबकि पर्दे के पीछे रहकर भाजपाई सारा खेल कर रहे है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 16 अगस्त से 9 सितम्बर तक वार्डो में शिविर

**16 अगस्त को वार्ड नं. 1,2 व 4 में तथा 17 अगस्त को वार्ड नं. 3, 6, 8,10 व 11 में शिविर**

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 16 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 16 अगस्त को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में व पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में एवं 17 अगस्त को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड 6 के लिये चिखली स्कूल में, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांति नगर में व राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जून 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# विभिन्न युवा संगठनों द्वारा वृहद तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ



डोंगरगढ़(दावा)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर, छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन पर जिला-राजनांदगाव के तहसील लाल बहादुर नगर क्षेत्र मे क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी, तहसीलदार, चिचोला चौकी, महाविद्यालय, स्कुली बच्चों व विभिन्न युवा संगठनों द्वारा वृहद तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से जिला तिरंगा प्रभारी मूलचंद लोधी, बोधीराम साहू, गिरवर साहू, रामाधीन देवागन, किरण साहू, पुष्पलता वैष्णव, तहसील क्षेत्र के प्रभारी अशोक वर्मा, तामेश्वर साहू, भोजराज वर्मा, घनश्याम वैष्णव, पिंटू वर्मा, देवेन्द्र यादव, वर्षा गेडाम, तहसीलदार राजेश नेताम, चिचोला चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर, मनोज कांडे, चेतन साहू, मुकेश साहू, राकेश साहू, भुवन साहू, अवध साहू, दिनेश साहू, जसवीर चौहान, नोबल साहू, राजकुमार ताम्रकार, पुष्पा सिन्हा, यशवंत साहू, संदीप सिन्हा, रामकुमार ठाकुर, पप्पू देवागन, अमर साहू, सहित शासकीय कुंजबिहारी चौबे के विद्यार्थीगण बडी संख्या मे उपस्थित रहे।

## शेष पृष्ठ प्रथम का

***राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन***

हमें बीआर अंबेडकर की ये बात याद रखनी चाहिए। हमें राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र में बदलना चाहिए। मैं दृढ़ता के साथ मानती हूं कि कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्ति को खारिज करना होगा। सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं।

नारी शक्ति अधिनियम महिलाओं के सशक्तीकरण को दिखाता है। मैं आप सबसे अनुरोध करती हूं कि अपने जीवन में छोटे बदलाव करें और जलवायु परिवर्तन को रोकने में अपना योगदान दें। हमने औपनिवेशिक युग के कई कानूनों को हटा दिया है। हमारी न्याय प्रणाली का मकसद केवल दंड देना नहीं है। मैं इसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि के रूप में देखती हूं। हाल के सालों में हमने अंतरिक्ष के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। हम सब गगनयान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा। हाल ही में संपन्न पेरिस ओलिंपिक में भारतीय दल ने उत्कृष्ट प्रयास किया। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता। शतरंज में कई खिलाड़ियों ने देश को गौरव दिलाया। बैडमिंटन समेत कई खेलों में खिलाड़ी प्रेरणा दे रहे हैं।

# वृद्धाश्रम में हर घर तिरंगा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन




**40वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा विकासखंड के विभिन्न संस्थानों में किया जा रहा है आयोजन**

डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 14.08.24 को 40वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा डॉ. अम्बेडकर आदिवासी स्कूल एवं जीवन आनंद वृद्धाश्रम, डोंगरगढ़ में अनन्त नारायण दत्ता, कमांडेट के कुशल मार्गदर्शन में अजय प्रकाश, उप कमांडेट के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अवसर पर 40वी वाहिनी आईटीबीपी द्वारा डॉ. अम्बेडकर आदिवासी स्कूल एवं जीवन आनंद वृद्धाश्रम, डोंगरगढ के छात्र/छात्राओं एवं बुजुर्गों के साथ मिलकर एक भव्य और प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उददेश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना एवं लोगों को आजादी के उपलक्ष्य में अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है।


कार्यक्रम की शुरूआत में स्कल व वृद्धाश्रम परिवार की ओर से आईटीबीपी के कमांडेंट अनन्त नारायण दत्ता एवं मौजूद अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। साथ आईटीबीपी द्वारा फल व मिठाईयां मेंट किया गया, तत्पश्चात आईटीबीपी के जवानों एवं स्कूल के छात्रों एवं वृद्धाश्रम के बुजुर्गों द्वारा संयुक्त रूप से ध्वज रैली निकाली गई। रैली के उपरान्त विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आईटीबीपी के कमांडेंट, उप कमांडेट एवं चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. आम्बेडकर आदिवासी स्कल एवं जीवन आनंद वृद्धाश्रम, डोंगरगढ़ के संचालक एवं छात्र/छात्राओं/बुजुर्गों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाये गये। इसके उपरान्त आईटीबीपी द्वारा उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं व वृजगों के लिए भोजन उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम के उपरान्त कमांडेंट अनन्त नारायण दत्ता द्वारा सभी जवानों छात्रों व बुजगों को संबोधित किया जिसमें भारतीय ध्वज के महत्व और इसके प्रति गर्व की भावना पर प्रकाश डालते हुये छात्रों को भारतीय ध्वज के प्रति सम्मान और प्यार की शिक्षा दी साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए सभी को वृक्षारोपण कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल एवं वृद्धाश्रम परिवार द्वारा 40वीं वाहिनी आईटीबीपी को स्कूल तथा वृद्धाश्रम में इस सफल आयोजन के लिए आईटीबीपी बल के सभी अधिकारियों व जवानों का आभार व्यक्त किया।


# बाबा चंद्र मौलेश्वर कि पालकी यात्रा में भक्तिमय गीतों से झूम उठे भक्तगण



डोंगरगढ़(दावा)। श्री महाकाल भक्त समिति द्वारा बाबा महाकाल की चन्द्र चंद मौलेश्वर स्वरूप मूर्ति कि प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य पालकी यात्रा भक्तिमय गीतों से झूम उठे नगरवासी। बाबा चन्द्र मौलेश्वर की प्राण प्रतिष्ठा तारण पिप्लेश्वर महादेव मंदिर मे सम्पन हुई और पालकी यात्रा तारण पिप्लेश्वर महादेव मंदिर से नगर भ्रमण कर पुनः तारण पिप्लेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुई ।

पालकी यात्रा में माँ भावानी ढोल, झाँझ-डमरू, बैड-बाजे एवं प्रसिद्ध गायक अभिकौशिक एवं उनके साथियो के द्वारा भक्तिमय गीत रहे आकर्षक का केंद्र। सर्वप्रथम बाबा महाकाल की शिव शक्ति मिलन माँ बंलेश्वरी मंदिर नीच मंदिर एवं हरि हर मिलन तारण पिप्लेश्वर महादेव मंदिर में हुआ। तत्पश्चात बाबा शिव मंदिर समिति कालकापारा, रविदास नगर में स्वागत आरती किया गया। बाबा जी की पालकी यात्रा तारण पिप्लेश्वर मंदिर से प्रारम्भ हुई जिसमें शिव मंदिर समिति डिपरापारा शिवमंदिर उत्सव समिति, आदर्श नवयुवक उत्सव ठेठवार पारा, पशुपति नाथ मंदिर, तराने परिवार, शक्ति वाहिनी, माँ बमलेश्वरी सेवा समिति, वीर क्लब, हनुमान मंदिर, सामुदायिक भवन, मस्त क्लब, श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति, महादेवा इवेंट, शिव सेना समिति, हनुमान भक्त समिति, मारुति नंदन, विनर क्लब, निखिल जैन, आलोक सोनी, अजीतेश शर्मा, राजेश कश्यप, राशि पांडेय, महोबिया परिवार एवं विभिन्न संगठन द्वारा भव्य स्वागत एवं प्रसादी वितरण किया। समिति के भूपेन्द्र यादव ने बताया कि आने वाले वर्ष में श्रावण माह के प्रत्येक सोमवार को बाबा महाकाल अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण करेंगे।














स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com